


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 27 जून 2025 ■ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष -41 ■ अंक-090 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 28 जून 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112









ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा की शुरुआत शुक्रवार सुबह हुई. यह भव्य यात्रा पुरी के जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर गुंडिचा मंदिर तक जाती है। ओडिशा पुलिस प्रशासन के मुताबिक इस वर्ष रथ यात्रा में करीब 12 लाख लोग शामिल हो रहे हैं. यहां भीड़ प्रबंधन की खास व्यवस्था की गई है. पूरे शहर को सुरक्षा कवर जोन में बदल दिया गया है।



अहमदाबाद में भी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली गई. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह यहां मंगला आरती में शामिल हुए. गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पाहिन्द विधि करवाई. यहा रथयात्रा करीब 16 किलोमीटर की दूरी तय करती है. इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. रथ यात्रा में हाथियों का खास दल भी शामिल था.



रायपुर में राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गायत्री नगर में आयोजित महाप्रभु श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा महोत्सव में शामिल हुए। राज्यपाल डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर 'छेरा-पहरा' की रस्म निभाई और प्रदेश के लिए खुशहाली की कामना की, सीएम साय ने कहा कि भगवान जगन्नाथ किसानों के रक्षक हैं।

## सुरेंद्र दुबे हुए पंचतत्व में विलीन



**रायपुर,27 जून।** अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हंसी की बारीक परतों में गंभीर बातें कहने वाले पद्मश्री हास्य कवि डॉ. सुरेन्द्र दुबे अब हमारे बीच नहीं हैं। गुरुवार को दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। मारवाड़ी श्मशान घाट पर आज उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें कुमार विश्वास भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सुरेंद्र दुबे का जाना प्रदेश की बड़ी क्षति है, वे छत्तीसगढ़ की बात दमदारी से रखते थे। बता दें कि शब्दों के इस जादूगर के लिए एक 'अभिनंदन ग्रंथ' तैयार किया जा रहा था। जिसमें उनके जीवन, लेखनी, संघर्ष और स्मृतियों को सहेजने की कोशिश की जा रही थी। प्रकाशक सुधीर शर्मा ने बताया कि पिछले चार महीनों से इस ग्रंथ पर काम चल रहा था, जिसमें उनके पिता गर्जन सिंह दुबे, पुत्र डॉ. अभिषेक दुबे और खुद सुरेन्द्र दुबे की दुर्लभ रचनाएं, तस्वीरें और पत्र शामिल थे। लेकिन किताब पूरी होने से पहले ही शब्दों का ये जादूगर इस दुनिया को अलविदा कह गया। अगले महीने किताब का विमोचन होना था। 8 अगस्त 1953 को बेमेतरा, छत्तीसगढ़ में जन्मे डॉ. दुबे पेशे से आयुर्वेदिक चिकित्सक थे, लेकिन पहचान उन्होंने एक साहित्यकार और हास्य कवि के रूप में बनाई. भारतीय साहित्य के साथ ही छत्तीगसढ़ी भाषा में उनकी पकड़ बेहद मजबूत थी. उन्होंने पांच किताबें लिखी हैं.

## हिंदी' विरोध में साथ आए उद्धव और राज ठाकरे

'**मुंबई,27 जून।** महाराष्ट्र की राजनीति में कई साल बाद ऐसा होने वाला है कि दोनों ठाकरे भाई एक साथ एक मंच पर दिखेंगे. खास बात यह है कि यह कोई पारिवारिक समारोह नहीं, बल्कि बड़ा राजनीतिक कदम है. महाराष्ट्र के स्कूलों में हिंदी पढ़ाने के विरोध में राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे एकसाथ आंदोलन करने वाले हैं. इसकी जानकारी शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने दी है. संजय राउत ने एक्स पोस्ट के जरिए बताया है, "हिंदी भाषा के विरोध में राज-उद्धव एक होकर मोर्चा निकालेंगे. दो अलग आंदोलन नहीं होंगे." संजय राउत ने पुष्टि की है कि पहले राज ठाकरे 5 जुलाई को और फिर उद्धव ठाकरे 6 जुलाई को मोर्चा निकालने वाले थे, लेकिन अब यह आंदोलन एक ही दिन होगा.

### हिंदी की पढ़ाई अनिवार्य क्यों : राज

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के चीफ राज ठाकरे ने हिंदी के मुद्दे पर सरकार की आलोचना की है. उन्होंने सवाल किया कि हिंदी कोई राष्ट्रभाषा नहीं है. यह भी भारत की अन्य भाषाओं में से एक ही है. तो फिर इसे पहली क्लास से अनिवार्य क्यों किया जा रहा है?

### जबरन थोपी जा रही हिंदी : उद्धव

शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र सरकार आरोप लगाया है कि राज्य में हिंदी भाषा जबरदस्ती थोपी जा रही है. कड़ा विरोध जताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार राज्य पर 'हिंदी लादने' की कोशिश कर रही है.



## पुलिस के सामने कबूला जुर्म, लेकिन कोर्ट में साधी चुप्पी, राजा रघुवंशी केस में नया मोड़

**इंदौर,27 जून।** मेघालय के शिलॉन्ग में एक दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। अब पुलिस के मुताबिक, सोनम ने अपने प्रेमी राज कुशवाहा और तीन अन्य लोगों के साथ मिलकर अपने पति राजा की हत्या कर दी। अब इस मामले में नया मोड़ आया है, जब दो आरोपियों ने अपने पहले के कबूलनामे को वापस ले लिया और मजिस्ट्रेट के सामने चुप्पी साध ली। मेघालय पुलिस का कहना है कि इस हत्याकांड में पांच लोग शामिल थे, जिनमें से दो आरोपियों, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी ने गुरुवार को मजिस्ट्रेट के सामने कोई बयान देने से इनकार कर दिया। एनडीटीवी के अनुसार, शिलॉन्ग सिटी के पुलिस अधीक्षक हर्बर्ट खरकोंगोर ने बताया कि दोनों आरोपियों ने चुप्पी साध ली और कोई बयान नहीं दिया। हर्बर्ट इस मामले की जांच के लिए बनी स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम के प्रमुख हैं।



## 345 राजनैतिक दलों पर तलवार लटकी

**नई दिल्ली,27 जून।** चुनाव आयोग ने 345 निबंधित बिना पहचान वाली राजनीतिक दलों के निबंधन को रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की है। चुनाव आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी की अध्यक्षता में निबंधित गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के निबंधन रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। ये वैसे दल है, उन्होंने 2019 से अब तक किसी भी प्रकार के चुनाव में भाग नहीं लिया है और जिनके कार्यालय देश भर में कहीं भी भौतिक रूप से नहीं पाए गए है। चुनाव आयोग से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार ये 345 दल विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से हैं। चुनाव आयोग की जानकारी में यह बात आई है कि वर्तमान में पंजीकृत 2800 से अधिक निबंधित गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में से कई दल ऐसे हैं, जो राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत रहने की आवश्यक शर्तो को पूरा नहीं कर रहे हैं।

### ईरान को कर दी 30 अरब डॉलर की डील की पेशकश

## नेतन्याहू को छोड़ ट्रंप ने खामनेई से हाथ मिला लिया!

**वाशिंगटन,27 जून।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन ईरान को असैन्य ऊर्जा उत्पादन परमाणु कार्यक्रम शुरू करने के लिए 30 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच बनाने में मदद करने पर विचार कर रहा है, जिससे प्रतिबंधों में ढील मिलेगी और प्रतिबंधित ईरानी फंड में अरबों डॉलर जारी होंगे। यह चर्चा दोनों देशों के बीच कूटनीतिक परिदृश्य में एक बड़ा मोड़ है, जो अमेरिका द्वारा तेहरान को शांति वार्ता के लिए मेज पर लाने का प्रयास प्रतीत होता है। सीएनएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले शुक्रवार को व्हाइट हाउस में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और खाड़ी साझेदारों के बीच घंटों चली गुप्त बैठक में इस संदर्भ में कुछ विवरण सामने आए। यह बैठक ईरान के तीन परमाणु स्थलों - इस्फ़हान, फ़ोर्डो और नतांज़ पर अमेरिका के सैन्य हमलों के एक दिन बाद हुई थी। अमेरिका और मध्य पूर्व दोनों देशों के प्रमुख लोगों ने कथित तौर पर बंद दरवाजों के पीछे ईरानियों से बातचीत की है, और इस सप्ताह इजरायल और ईरान के बीच युद्ध विराम प्रस्ताव के बाद चर्चा जारी रही है। अमेरिका के लिए एक तत्व पर बातचीत नहीं हो सकती। ईरान यूरेनियम का संवर्धन नहीं करेगा। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, प्रारंभिक मसौदा प्रस्ताव में गैर-संवर्धन परमाणु कार्यक्रम के लिए अनुमानित 20-30 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश है, जिसका उपयोग नागरिक ऊर्जा उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। वाशिंगटन का गैर-परक्राम्य सौदा तेहरान के इस निरंतर रुख के विपरीत है कि उसे ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए संवर्धन की आवश्यकता है। ट्रंप के एक अधिकारी ने सीएनएन को बताया कि अमेरिका सीधे तौर पर इस कार्यक्रम के लिए भुगतान नहीं करेगा क्योंकि वह चाहता है कि उसके अरब साझेदार इसका खर्च उठाएं। हाल के महीनों में परमाणु वार्ता के पिछले दौर में ईरान की परमाणु ऊर्जा सुविधाओं में निवेश पर भी चर्चा हुई थी।



## कोलकाता में लॉ छात्रा के साथ गैंगरेप के आरोप में 3 गिरफ्तार

**कोलकाता,27 जून।** कोलकाता के कस्बा इलाके में एक लॉ छात्रा से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह हमला कथित तौर पर बुधवार को शाम को हुई। गिरफ्तार किए गए तीन लोगों में दो मौजूदा छात्र हैं और तीसरा एक पूर्व छात्र है। आरोपी के वकील आजम खान ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म का आरोप है। महिला ने आरोप लगाया है कि कॉलेज परिसर में उसके साथ कुकर्म किया गया। कोर्ट ने मंगलवार, 1 जुलाई तक पुलिस हिरासत दी है। भाजपा के अमित मालवीय ने इस अपराध को लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा।

घटना 25 जून को शाम 7.30 बजे से 10.50 बजे के बीच हुई बताई जा रही है। पिछले साल एक सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या के विरोध में महीनों तक चले विरोध प्रदर्शनों से शहर में सनसनी फैल गई थी। पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद, कस्बा पुलिस स्टेशन ने प्राथमिकी दर्ज की और जांच शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों ने पुष्टि की है कि आरोपियों में कॉलेज के पूर्व इकाई अध्यक्ष 31 वर्षीय मोनोजीत मिश्रा, 19 वर्षीय जैब अहमद और 20 वर्षीय प्रमित मुखर्जी शामिल हैं, जिन्हें प्रमित मुखोपाध्याय के नाम से भी जाना जाता है। दो आरोपियों मिश्रा और अहमद को 26 जून की शाम को कोलकाता में तालबगान क्रॉसिंग के पास सिद्धार्थ शंकर शिशु रॉय उद्यान के सामने से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के समय उनके मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए। तीसरे आरोपी मुखर्जी को 27 जून को सुबह 12.30 बजे उसके घर से गिरफ्तार किया गया और उसका मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कथित घटना कॉलेज की इमारत के अंदर ही हुई। पीड़िता की प्रारंभिक चिकित्सा जांच की गई है और कई गवाहों के बयान दर्ज किए गए हैं। कथित अपराध के दृश्य को सुरक्षित कर लिया गया है और फोरेंसिक जांच का इंतजार है। तीनों आरोपी फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं और उन्हें 27 जून को दक्षिण 24 परगना के अलीपुर में विद्वान अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किए जाने की उम्मीद है।



## पीएम मोदी की नौ रैलियां 200 सीटों तक असर

**पटना,27 जून।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां तेज हो चुकी हैं। अगले ढाई महीनों के लिए भाजपा ने भी बिहार में बड़े अभियान की तैयारी कर रखी है। खास बात यह है कि भाजपा के इस अभियान का नेतृत्व खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करने वाले हैं। बिहार भाजपा के एक नेता के मुताबिक पीएम मोदी अभी तक बिहार में छह रैलियों को संबोधित कर चुके हैं। आने वाले दिनों में उनके कई और कार्यक्रम यहां पर होने वाले हैं। भाजपा नेताओं के मुताबिक आने वाले दिनों में पीएम मोदी के कई और कार्यक्रम भाजपा में होने वाले हैं। इसके अलावा गृहमंत्री अमित शाह के भी यहां आने की संभावना है।

बिहार में पीएम मोदी की कुल नौ रैलियां कराने की योजना है। ईटी के मुताबिक भाजपा नेताओं ने बताया कि इन रैलियों का प्रभाव 200 विधानसभा सीटों के क्षेत्र पर होगा। इनमें से रोहतास और सारण क्षेत्र में दो रैलियां पीएम मोदी पहले ही संबोधित कर चुके हैं। बाकी बची हुई सात रैलियों को अगले ढाई महीने में संबोधित करेंगे। इन रैलियों की तारीख और जगह को लेकर फिलहाल चर्चा चल रही है। जानकारी के मुताबिक अगले करीब एक हफ्ते में इसके बारे में ऐलान हो जाएगा।



## तेज बारिश में फूटा सीएसईबी का राखड़ बांध

**कोरबा,27 जून।** कटघोरा के ग्राम डिंडोलभाटा स्थित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल का राखड़ बांध अलसुबह तेज बारिश की वजह से टूट गया. राखड़ के बहकर गांव में घुसने पर लोग जान बचाते हुए घर छोड़कर भागे. समाचार लिखे जाने तक किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं मिली है, लेकिन मंडल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है, जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है. तेज बारिश की वजह से बड़ी तबाही मच सकती है. बहरहाल, घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचा पुलिस-प्रशासनिक अमला गांव को खाली कराने में जुटा है.

## चीन के रक्षा मंत्री के साथ कई मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई : राजनाथ

**नई दिल्ली,27 जून।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एससीओ के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने चीन के चिंगदाओं शहर पहुंचे. उन्होंने चीन के रक्षामंत्री एडमिरल डॉन जून के साथ मुलाकात की. अहम बात यह है कि इस दौरान एक खास फैसले पर सहमति बनी. राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया के जरिए बताया करीब छह सालों के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू होने पर खुशी जताई. इस बैठक में दोनों के बीच कई मुद्दों पर सकारात्मक बातचीत हुई. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूस और बेलारूस के अपने समकक्षों के साथ भी मीटिंग की इन द्विपक्षीय बैठकों में क्षेत्र में चुनौतियों और सुरक्षा खतरों के साथ-साथ रक्षा सहयोग पर बातचीत हुई.



एक नजर

### एसएसपी ने शातिर अपराधी दीपक नेपाली के विरुद्ध की ईनाम की घोषणा



**भिलाई, 27 जून।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने फरार शातिर अपराधी दीपक नेपाली की पतासाजी, गिरफ्तारी हेतु 3 हजार रूपए ईनाम का उद्घोषणा आदेश जारी किया है। साथ ही आरोपी की पता तलाश हेतु जिला इश्तहार भी जारी किया गया है। फरार आरोपी दीपक कुमार सिंह उर्फ दीपक नेपाली पिता स्व0 कुमार सिंह उम्र 34 वर्ष साकिन संग्राम चौक कैंप.1 18 न रोड थाना वैशाली नगर निवासी है। जानकारी देने वालों का नाम गोपनीय रखा जाएगा। महादेव सट्टा से जुड़े सटोरी दीपक नेपाली 34 वर्ष निवासी कैम्प 1 संग्राम चौक ने अपने साथियों के साथ मिलकर अवैध वसूली करते हुए कारोबारी पर जानलेवा हमला कर महीने भर से फरार चल रहा है।

### बीएमडीसी में दिया सामान खरीदने का प्रशिक्षण



**भिलाई, 27 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के भिलाई प्रबंधन विकास केंद्र बीएमडीसी में 24 और 25 जून को पीसीपी - सामग्री खरीद प्रक्रिया विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने किया। विशेष अतिथि के रूप में एसीवीओ सुनील सिंघल उपस्थित रहे।

अपने उद्घाटन संबोधन में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कहा कि बदलते व्यावसायिक परिवेश में खरीद प्रणालियों को अधिक सुव्यवस्थित और उत्तरदायी बनाए जाने की आवश्यकता है। विशेष अतिथि सुनील सिंघल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के केपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम आंतरिक प्रणालियों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### महिला पर गर्म तेल छिड़कने वाला फरार,ईनाम घोषित

**भिलाई, 27 जून।** भिलाई छावनी थाना अंतर्गत शादी की जिद में लोक कलाकर महिला पर गर्म तेल छिडकने वाले फरार आरोपी राकेश साहू पर पुलिस ने इनाम घोषित किया है छावनी उप पुलिस अधीक्षक मोनिका पाण्डेय ने बताया कि आरोपी राकेश घटना के बाद से फरार है दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर आरोपी की सूचना देने व पकड़वाने वाले को तीन हजार रुपए नगद पुरस्कार दिया जाएगा ।

### यंग इंडियन्स दुर्ग ने छत्तीसगढ़ का पहला यंग इंडियन्स पार्लियामेंट सफलतापूर्वक आयोजित किया

**दुर्ग, 27 जून।** कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (CII) के तहत संचालित यंग इंडियन्स (Yi) दुर्ग चैप्टर द्वारा छत्तीसगढ़ का पहला यंग इंडियन्स पार्लियामेंट (YIP) का आयोजन को गायत्री विद्यापीठ, राजनांदगांव में किया गया।यह दो दिवसीय कार्यक्रम दुर्ग, भिलाई और राजनांदगांव के 8 प्रमुख स्कूलों से 60 से अधिक छात्रों की भागीदारी के साथ संपन्न हुआ। छात्रों ने भारत की संसदीय प्रक्रिया को समझने, चर्चा व बहस में भाग लेने और लोकतांत्रिक निर्णय लेने की प्रक्रिया को अनुभव करने का अनूठा अवसर पाया।गौरव अग्रवाल, चैप्टर चेयर, दुर्ग ने बताया कि छात्रों को पाँच राजनीतिक दलों में बांटा गया।

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में जिला कांग्रेस ने दिया धरना

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 27 जून।** प्रदेश की भाजपा सरकार की युक्तियुक्तकरण नीति के विरोध में गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला मुख्यालय कवर्धा में धरना प्रदर्शन का आयोजन कर डीईओ कार्यालय का घेराव किया तथा अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को प्रदेश के राज्यपाल के नाम सौंपा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी विजय जांगिड़, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पदम कोठारी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू पंडरिया की पूर्व विधायक श्रीमती ममता चन्द्राकर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमाअगम अनंत, लालजी चन्द्रवंशी, नीलू चन्द्रवंशी, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चन्द्रभान कोसले, एनएसयुआई के जिलाध्यक्ष शितेश चन्द्रवंशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के सभी विंगों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला कांग्रेस कमेटी ने डीईओ कार्यालय के घेराव से पूर्व स्थानीय शहर कांग्रेस कार्यालय के पास एक विशाल धरना प्रदर्शन सभा का भी आयोजन किया। सभा को संबोधित करते हुए सभी उपस्थित वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई युक्तियुक्तकरण नीति रोजगार विरोधी तथा शिक्षा विरोधी कदम है। इससे प्रदेश में 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे। 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद कर दिए गए है, नऐ सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों की संख्या में कटौती करके शिक्षक के हजारों पद खत्म कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिनायकवादी भाजपा सरकार ने इतना बड़ा अव्यवहारिक निर्णय लेने से पहले ना प्रभावित वर्ग से चर्चा की, न ही प्रदेश के भविष्य के बारे में सोचा। इतना बड़ा निर्णय थोपने से पहले न शिक्षक संगठनों की राय ली गई, न पालक संघ से पूछा गया, न ही शिक्षाविद और छात्र संगठनों से कोई चर्चा की गयी। सभा के पश्चात रैली के शक्ल में कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिला शिक्षा कार्यालय कवर्धा का घेराव करने पहुंचे। अंत में महामहिम राज्यपाल के नाम से प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन के कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं के साथ ब्लाक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयुआई सहित सभी विंगों के कार्यकर्ता व पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# अवैध अप्रवासियों की तलाश तेज की पुलिस ने



**भिलाई, 27 जून।** अवैध रूप से घुसपैठ कर रहने वाले अप्रवासी नागरिकों की तलाश, पतासाजी के लिए पुलिस ने अपना अभियान तेज कर दिया है। अवैध रूप से नागरिक की पहचान करने एवं उनके संबंध में सूचना प्रदान करने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देशानुसार दुर्ग पुलिस ने अपने सभी पेट्रोलिंग वाहनों पर अवैध अप्रवासी हेल्प लाईन नंबर 18002331905 का स्टिकर चस्पा कर आम लोगों तक पहुंच सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि अवैध रूप से रह रहे अप्रवासी नागरिकों के संबंध में पुलिस को अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त हो सके। प्रभावी कार्यवाही करने एवं उन्हें निर्वासित करने हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रत्येक जिले में एसटीएफ का गठन किया गया है एवं व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

# प्रीति पटेल,गिरधर लाल,तेजा राव को कर्म शिरोमणि पुरस्कार



**भिलाई, 27 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सर्विसेस जोन के अंतर्गत आने वाले विभागों हेतु कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीमती प्रीति पटेल, गिरधर लाल साहू एवं दल्ली तेजा राव को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषार कांत ने अपने संबोधन में सर्विसेस के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों में कार्यस्थल से संबंधित चुनौतियों एवं सुरक्षा पहलुओं से अवगत कराया।

# विधायक के प्रस्ताव पर रेल लाइन के किनारे रोड के लिए 7 करोड़ की स्वीकृति



**भिलाई, 27 जून।** वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत नेहरू नगर अंडर ब्रिज से भिलाई नगर स्टेशन तथा भिलाई नगर स्टेशन से सुपेला अंडरब्रिज तक रेलवे लाईन के समानांतर रोड निर्माण एवं विद्युतीकरण कार्य के लिए राज्य शासन ने 6 करोड़ 98 लाख की स्वीकृति दे दी है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर बढ़ते यातायात दबाव के मद्देनजर उन्होंने नेहरू नगर से सुपेला तक रेल लाइन के समानांतर सड़क निर्माण के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा था जिसे स्वीकृति देते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने अधोसंरचना विकास मद से 698 लाख रुपये जारी कर दिए हैं। सेन ने कहा कि नगर निगम भिलाई के जोन-1 अंतर्गत नेहरू नगर अंडरब्रिज से भिलाई नगर रेलवे स्टेशन तक रेलवे लाईन के समानांतर रोड निर्माण एवं विद्युतीकरण कार्य के लिए 3 करोड़ 18 लाख 40 हजार तथा भिलाई नगर रेलवे स्टेशन से सुपेला अंडरब्रिज तक रेलवे लाइन के समानांतर रोड निर्माण एवं विद्युतीकरण कार्य के लिए शासन ने 3 करोड़ 79 लाख 60 हजार रुपये जारी कर दिए हैं।

## युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**भिलाई, 27 जून।** भिलाई भट्ठी थाना अंतर्गत एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची पंचनामा कर शव को मरच्युरी में रखवा दिया है फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर शवकी शिनाख्त में जुट गई है भिलाई भट्ठी टीआई राजेश साहू ने बताया कि घटना 24 जून की रात 9 बजे की है अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है अज्ञात मृतक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के आसपास की है पुलिस अज्ञात शव की शिनाख्त में जुट गई है ।



### जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने पौधारोपण का संदेश दिया

**कवर्धा, 27 जून।** कवर्धा जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण कर पौधारोपण का संदेश दिया ।

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया केन्द्रीय जेल दुर्ग का निरीक्षण

**दुर्ग, 27 जून ।** दुर्ग मुख्यालय स्थित केन्द्रीय जेल दुर्ग का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला दुर्ग द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में उन्होंने बंदियों के परिजनों से मिलने हेतु बनाये गये मुलाकात कक्षए जेल में संचालित लीगल एड क्लीनिकए प्रशासनिक प्रबंधनए बंदी कक्षों की स्थितिए उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की गुणवत्ताए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्षए पाकशाला और भोजन की गुणवत्ता का सूक्ष्म अवलोकन किया। उनके द्वारा नए आपराधिक विधियों के तहत बंदियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कराने पर जोर दिया गयाए जेल पैरालीगल वालेंटियर से किए जाने वाले कार्यों एवं नव आगंतुक बंदियों को दिए जाने वाले विधिक जानकारी के संबंध में जानकारी ली गई। उन्होंने बंदियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और उनकी दैनिक दिनचर्या से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

# रेलवे ई-टिकट का अवैध व्यापार करने वाला गिरफ्तार




**भिलाई, 27 जून।** रेलवे टिकट के अवैध रूप से व्यापार करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बृहस्पतिवार को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल रायपुर के दिशा निर्देश पर पोस्ट प्रभारी दुर्ग एस.के. सिन्हा द्वारा टीम गठित कर कार्यवाही की गई । इस अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर टुमन कुमार साहू पिता खिलेश्वर साहू उम्र 26 वर्ष साकिन-मकान नंबर 269, बघेरा, थाना सोमनी को उसके पर्सनल यूजर आईडी सहतुमान से अपने लाभ हेतु टिकट बनाना पाया गया। रेल आरक्षित पास्ट ई टिकट कुल 5 नग जिसकी कुल कीमत 16,157.55 रुपए का अवैध रेलवे ई टिकट व्यापार करना पाया गया। इस संबंध में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट दुर्ग में धारा 143 रेलवे अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर विधिक कार्यवाही किया गया है ।

# आयुक्त ने किया वर्किंग वुमन हॉस्टल निर्माण स्थल का निरीक्षण



**भिलाई, 27 जून।** जिला प्रशासन, नगर पालिक निगम भिलाई एवं भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन की संयुक्त बैठक के अनुसार वर्किंग वुमन हॉस्टल निर्माण हेतु भूमि आबंटन के संबंध में चर्चा की गई। चर्चा उपरांत भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा सेक्टर 09 महिला कॉलेज के लिए आरक्षित भूमि पर वर्किंग वुमन हॉस्टल का निर्माण किया जा सकता है, जिसके लिए सहमति प्राप्त हुई है। कलेक्टर द्वारा नगर निगम भिलाई एवं भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन को कॉलेज के पास अतिरिक्त भूमि का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किये हैं। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता एवं जोन टीम के साथ उक्त स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। स्थल पर वर्किंग वुमन हॉस्टल निर्माण हेतु उपयुक्त है, जहां लगभग 3 एकड़ जमीन रिक्त है। जिसके परिपेक्ष्य में भिलाई इस्पात संयंत्र से विधिवत पत्राचार कर भूमि आबंटन/आधिपत्य प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही है।

# पद्मश्री डा.सुरेन्द्र दुबे को सीनियर सिटीजन्स ने दी श्रद्धांजलि



**कवर्धा, 27 जून।** छत्तीसगढ़ के महान छत्तीसगढ़िया कवि हम सब के प्यारे दुलारे लाड़ले देश-विदेशों में छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ी व छत्तीसगढ़िया को साहित्य जगत में अमिट पहचान दिलाने वाले पद्मश्री से सम्मानित साहित्यकार व हंसी-ठिठोली के साथ सबके दिलो को गुदगुदाने वाले डा. सुरेंद्र दुबे का आकस्मिक निधन सुनकर हम सब स्तब्ध रह गए और सिनियर सिटीजन समिति कबीरधाम के पदाधिकारियों व वरिष्ठ सदस्यों ने सियान सदन कलेक्ट्रेट परिसर कवर्धा में त्वरित शोक सभा आयोजित कर श्रद्धा सुमन से भावभीनी अर्पित किया गया । कवर्धा में डा.सुरेन्द्र दुबे के हमशक्ल कहे जाने वाले समिति के सचिव चन्द्रहास ठाकुर ने श्रद्धांजलि सभा को द्रवित मन से संबोधित करते हुए हमारे पड़ोसी जिला? बेमेतरा के महान कवि से जुड़ी बातों को साझा किया गया । काका हाथरसी हास्य रत्न पुरस्कार से सम्मानित ख्यातिलब्ध, बहुमुखी प्रतिभा सम्मान पेशे से आयुर्वेद चिकित्सक डा. सुरेन्द्र दुबे कॉमिक व व्यंग्यवादी कविताओं के साथ उत्कृष्ट लेखक, देश-विदेशों के अनेक मंचो व टेलीविजन शो पर ठहाके परोसने वाले बेताज बादशाह थे । शोक?सभा में अध्यक्ष मदन तंबोली, इंजी. एस.एस.जैन, प्रभाकर शुक्ला, आर.डी.यदु, पंकज सिंह ठाकुर, नरेन्द्र चन्द्रा, सुरेन्द्र नवीन, नरेन्द्र शर्मा, कन्हैया लाल गुप्ता, शुशील चंदेल, रामशरण चन्द्रवंशी, पाण्डेय जी एवं सतीश यदु आदि उपस्थित रहे ।

# सहायक राजस्व अधिकारी से कक्ष में अभद्रता करने वाले अंकुश जैन ने सार्वजनिक रूप से मांगी माफी

**दुर्ग,26 जून।** नगर पालिक निगम कार्यालय में राजस्व विभाग के सहायक राजस्व अधिकारी के कक्ष में संपतिकर जमा करने आए अंकुश जैन द्वारा सहायक राजस्व अधिकारी के कक्ष में अधिकारी/कर्मचारियो के साथ किये गए दुर्व्यवहार और अभद्र टिप्पणी के पश्यात राजस्व विभाग के कर्मचारियो द्वारा काम बंद हड़ताल पर बैठ गए थे

तथा राजस्व विभाग टीम अमला संयुक्त रूप से इस घटना की शिकायत आयुक्त सुमित अग्रवाल से किये जाने के पश्चात उनके द्वारा तत्काल कार्रवाही करने के लिए एफआईआर करने थाना प्रभारी को पत्र लिखा गया।इस घटना के दौरान उक्त अंकुश जैन जिन अधिकारी/कर्मचारियो से अभद्रता व दुर्व्यवहार किया गया था, सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हुए कहा की भविष्य में मैं कभी इस तरह का दुर्व्यवहार किसी भी अधिकारी/कर्णचरियो के साथ नही करूँगा ऐसा कभी नही करने का सार्वजनिक रूप से विश्वास दिलाया है। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने अधिकारी/कर्मचारियो के बीच आश्वासन दिया देते हुए कहा कि भविष्य में कोई भी नागरिक और जनप्रतिनिधियों द्वारा वार्डो में हो या कार्यालाय के भीतर किसी भी तरफ के दुर्व्यवहार व अभद्रता करते है शिकायत मिलती है तो उन्हें बक्शा नही जाएगा, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाही की जाएगी।महापौर श्रीमती बाघमार के आश्वासन के बाद हड़ताल समाप्त कर कर्मचारी आने काम पर लौटेने के निर्देश के दौरान अंकुश जैन को सख्त चेतवानी के बाद एफआईआर नही किया गया।

# छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी खुशाल पटेल बने पावर लिफ्टिंग में राष्ट्रीय चैंपियन



**भिलाई, 27 जून।** दावनगेरे, कर्नाटक में 22 से 30 जून तक चल रही राष्ट्रीय सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर महिला व पुरुष पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ टीम के खिलाड़ी खुशाल पटेल ने 59 किलो वजन वर्ग में 642 किलो वजन लिफ्ट कर जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय चैंपियन बने हैं । खुशाल पटेल ने स्क्वाट इवेंट में 242.5 किलो, बेंच प्रेस में 147.5 किलो तथा डेडलिफ्ट में 252.5 किलो सहित कुल टोटल 642.5 लिफ्ट कर नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया है तथा इनका चयन भारतीय टीम में किया गया है । उल्लेखनीय है कि खुशाल पटेल भिलाई इस्पात संयंत्र के वार्ड खिलाड़ी हैं तथा इनके पिता महेश पटेल पूर्व राष्ट्रीय पदक विजेता पावर लिफ्टर रहे हैं तथा वर्तमान में भिलाई इस्पात संयंत्र के टी एंड डी विभाग में कार्यरत हैं । इस उपलब्धि के लिए खेल मंत्री टंकराम वर्मा, बीएल चंदवानी पूर्व अध्यक्ष एवं कार्यपालक निदेशक-सेल, राजेंद्र प्रसाद ओलंपियन एवं अर्जुन अवार्डी, छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग टीम के कोच एवं निर्णायक कृष्णा साहू, नश्कर टंडन, संतोषी माझी, जे भुनेश्वर राव, जयदीप साहू, आसिफ अली सहित समस्त खिलाड़ियों एवं पदाधिकारियों ने बधाई दी है ।

# बैठक में निगम के विकास कार्य तेज करने चर्चा की गई

**दुर्ग, 27 जून ।** जिला प्रशासन के अधिकारियों और बीएसपी प्रबंधन की संयुक्त बैठक गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में नगर निगम रिसाली एवं भिलाई नगर और नगर पालिका परिषद अहिवारा में विकास कार्यों में प्रगति लाने अधिकारियों के बीच सकारात्मक चर्चाएं हुई। बीएसपी प्रबंधन ने निगम के विकास कार्यों हेतु हर संभव आवश्यक पहल करने का भरोसा दिलाया। कलेक्टर श्री सिंह ने भूमि आबंटन के मामले में रिक्त होने की स्थिति में संबंधित निकाय और बीएसपी प्रबंधन की संयुक्त टीम द्वारा मौका मुआयना करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित एसडीएम को पूर्व में बीएसपी को दिये गये जमीन आदि की रिकार्ड मिलान करने निर्देशित किया। बैठक में विगत बैठक के पारिपालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। साथ ही एजेंडानुसार जिला न्यायालय, दुर्ग न्यायालय भवन एवं अधिकारी/कर्मचारी आवास हेतु भूमि आबंटन, आई.आई.टी. भिलाई के स्टॉफ आवास हेतु भूमि आबंटन, वर्किंग वोमन्स हॉस्टल के लिए भूमि आबंटन करने, निकाय क्षेत्र के लिए अमृत मिशन फेस-2 के अंतर्गत (अनुमानित 30 एमएलडी) फिल्टर प्लांट के लिए डब्ल्यूटीपी एवं इंटकवेल निर्माण के लिए जमीन तथा मरोदा डेम से पानी की उपलब्धता के संबंध में, नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्रांतर्गत विगत 30-40 वर्षों से बसाहट भूमि पर वर्तमान में 120 एकड़ एवं 151 एकड़ भूमि आबंटित किया गया है शेष बसाहट एवं रिक्त भूमि को नगर पालिक निगम रिसाली/राजस्व को आबंटित करने, नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 06 में नालंदा परिसर निर्माण कार्य हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने, नगर पालिक निगम रिसाली में स्थित संपत्तियों/भूमि नगर निगम भिलाई को अंतरण किये जाने के संबंध में चर्चा की गई।

# सूदखोर तोमर भाइयों को गिरफ्तार करवाने वाले को मिलेगा ईनाम

**रायपुर, 27 जून।** सूदखोर तोमर भाइयों को गिरफ्तार करवाने वालों को रायपुर पुलिस इनाम देगी। पुलिस ने इसके लिए 5000 इनाम की घोषणा की है। पुलिस का कहना है कि दोनों भाइयों का बेधड़क होकर घूमना समाज के लिए खतरनाक है। वो भविष्य में कोई भी गंभीर अपराध कर सकते हैं। जिसके लिए इनकी गिरफ्तारी आवश्यक है। दोनों आरोपी 21 दिन से फरार है, पुलिस को उनकी तलाश है।

यह घोषणा रायपुर स्स्क डॉक्टर लाल उमेद सिंह ने की है। पुलिस की 2 से 3 टीमें भी उत्तरप्रदेश और राजस्थान में आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। हालांकि, उनके खिलाफ अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। दोनों आरोपियों ने अपना फोन भी बंद करके रखा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस और छत्तीसगढ़ ऋण संरक्षण एक्ट के तहत एक्शन लिया है।

पुलिस ने बताया कि, विस्टो फाइनेंस के नाम से ग्रुप बनाकर वसूली की जाती थी। वसूली मैनेजर बंटी सहारे ग्रुप को संचालित कर पूरे हिसाब का लेखा-जोखा रखता था। पुलिस ने तोमर ब्रदर्स से जुड़े मामले में अब तक एक महिला समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, वीरेंद्र और रोहित तोमर फरार हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस को पूछताछ में मैनेजर बंटी सहारे ने बताया कि, वो पिछले 2 साल से रोहित तोमर, वीरेंद्र तोमर और दिव्यांश के कहने पर ब्याज वसूली मैनेजर का काम कर रहा था। उसने वसूली के लिए वॉट्सऐप पर विस्टो फाइनेंस के नाम से ग्रुप बनाया है। जिसमें ब्याज की वसूली का हिसाब रखता है और उसे ऑपरेट करता था। जो व्यक्ति ब्याज नहीं देता था, उसको तोमर ब्रदर्स धमकी देते थे।एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और पुरानी बस्ती पुलिस की संयुक्त टीम ने वसूलीबाज बंटी सहारे (36) निवासी झंडा चौक शिवनगर चांगोरभाठा और जितेंद्र देवांगन उर्फ मोनू (24) निवासी शीतला पारा सिमगा को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से एक फोन जब्त किया गया है।तोमर ब्रदर्स के घर में छापेमारी में जब्त कैश, दस्तावेज और हथियार के बाद जिला पुलिस की ओर से लगातार कार्रवाई जारी है। पुरानी बस्ती राजेश देवांगन ने बताया कि तोमर ब्रदर्स के घर में छापेमारी में जब्त कैश, दस्तावेज और हथियार के बाद जिला पुलिस की ओर से लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में निगम और आयकर विभाग को भी लेटर लिखा गया है।साथ ही तोमर ब्रदर्स से जुड़े पूर्व के मामलों में कोर्ट को लेटर लिखा गया है, जिससे उन्हें जमानत न मिल सके। उनके खिलाफ ऐसी कार्रवाई की जा रही है, जिससे उनकी जितनी भी

## मंदिरों में चोरी करना वाला गैंग गिरफ्तार



**धमतरी,27 जून।** जिले में लगातार चोरी की वारदात सामने आ रही थी. पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने धमतरी और कुरूद में एक महीने के भीतर 7 मंदिरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था. एसपी सूरज सिंह परिहार ने चोरी के मामलों का खुलासा किया। सात मंदिरों में एक ही गैंग के लोगों ने चोरी की थी. पुलिस ने चोरी किए गए लगभग सभी सामानों को चोरों के पास से जब्त कर लिया है, जिसमें सोने का मुकुट, सोने का लॉकेट, चांदी की चरण पादुका दो जोड़ी, हीरो डेस्टिनी स्कूटी, नगद रकम, फ्रीज, टीवी, नगदी रकम के साथ ही अन्य सामान शामिल हैं. चारों आरोपियों में जाहिर उर्फ समीर खान उम्र 35 वर्ष, अफरोज खान उम्र 28 वर्ष निवासी मक्केश्वर वार्ड धमतरी, मोहम्मद मुनाफ खत्री उम्र 48 वर्ष, ताहिरा बानो उम्र 48 वर्ष निवासी बसना जिला महासमुंद शामिल हैं।

# स्थानीय उत्पादों को ब्रांड बनाने को लेकर पहल, कार्यशाला का आयोजन

- बाजार विकास पर एक दिवसीय कार्यशाला की गई आयोजित
- कार्यशाला में 60 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 27 जून।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर ''उद्यम से विकास'' श्रृंखला के तहत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, महिला उद्यमियों, स्व सहायता समूहों और पारंपरिक कारीगरों को डिजीटल माध्यम से बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से आज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्थानीय जिंजर लीफ रेस्टोरेंट में आयोजित इस कार्यशाला में 62 प्रतिभागियों से हिस्सा लिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सुरेन्द्र पुरी गोस्वामी, अग्रणी प्रबंधक इन्द्रकुमार टिलवानी, ओजस्वी कृषक उत्पादक संगठक पुरूषोत्तम चन्द्राकर उपस्थित रहे।



कार्यशाला में फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्रायवेट लिमिटेड के निदेशक वरूण गोपालकृष्णन ने प्रतिभागियों को फ्लिपकार्ट पंजीकरण की प्रक्रिया, उत्पाद सूची, प्रचार-प्रसार, ग्राहक सेवा तथा डाक, डिलवरी व्यवस्था की जानकारी दी। इसके साथ ही शासकीय ई-मार्केटप्लेस जेम रायपुर के वरिष्ठ सहायक निदेशक अमित उपाध्याय ने सरकारी खरीद पोर्टल पर पंजीकरण, निविदाओं में भागीदारी, उत्पाद कैटलॉग विकास तथा एमएसएमई इकाईयों को मिलने वाले लाभों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला के डिजीटल मार्केटिंग सत्र में निदेशक इंटेलीग्रेटर टेक्नॉलॉजीस प्राईवेट लिमिटेड मीमो प्रसाद ने बताया कि सीमित संसाधनों में भी उद्यमी मोबाइल एप्स, सामाजिक मीडिया प्लेटफॉर्म, जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम तथा निःशुल्क ऑनलाईन डिजाइन टूल्स के माध्यम से अपने उत्पादों की ब्रांडिंग, दृश्यता और ग्राहकों तक पहुंच को प्रभावी ढंग से बढ़ाकर बिक्री में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने कारीगरों को डिजीटल विपणन की मूल बातें जैसे-उत्पाद की अच्छी गुणवत्ता वाली तस्वीरें लेना, आकर्षक विवरण लिखना, ग्राहकों से संवाद बनाना, नियमित रूप से सोशल मीडिया पर पोस्ट करना और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक ब्रांड के रूप में प्रस्तुत करने की रणनीतियां समझाईं।

## एक नजर

### नशामुक्ति के लिए जिले में निकाली गई रैली, लगाए गए पौधे




**धमतरी 27 जून।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के मौके पर आज जिले मे नशामुक्ति के लिए रैली निकाली गई। जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस रैली की शुरूआत जिला अस्पताल धमतरी से हुई। रेडक्रॉस सोसयटी के वॉलिंटियर्स और जिला अस्पताल के निर्सिंग प्रशिक्षुओं द्वारा निकाली गई इस नशामुक्ति रैली को नगरनिगम महापौर रामू रोहरा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके अलावा गौरव ग्राम कण्डेल में भी विद्यार्थियों द्वारा नशामुक्ति रैली निकाली गई। यह रैली दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति धमतरी द्वारा निकाली गई इस रैली को शासकीय माध्यमिक विद्यालय कंडेल के प्रभारी प्रधानपाठक नीलमणी बोदेले ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी और दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति के सदस्यों तथां ग्रामीणजनों ने नशा विरोधी संदेश देते हुए लोगों को जागरूक किया। यह रैली शासकीय माध्यमिक विद्यालय से होते हुए सुभाष चौक तक निकाली गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मती संतोषी बिश्नोई, संस्थापक बसंत कुमार बिश्नोई, मती सुमन साहू, रोहित साहू, घनश्यम साहू, मती सुलेखा अली, डेराराम नीलकंठ एवं और स्कूल स्टॉ आर पी साहू, मती मोहिनी ठाकुर, टेमेश पटेल और समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक मती मनीषा पांडे मौजूद रहीं।

### मुख्यमंत्री साय ने समारोह में किया नरेन्द्र शर्मा का सम्मान




**तिल्दा-नेवरा, 27 जून।** मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ. रमन सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री माननीय पवन साय एवं कैबिनेट मंत्री माननीय लखनलाल देवांगन की उपस्थिति में आपातकाल स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह में स्व पंडित मालूराम शर्मा के पुत्र नरेंद्र शर्मा का सम्मान मुख्यमंत्री के कर कमलों से हुआ इस दौरान आपातकाल के काले दौर में सत्य, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले वीर लोकतंत्र सेनानियों एवं दिवंगत सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक मोतीलाल साहू , लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने प्रदेश महामंत्री एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव सहित जनप्रतिनिधिगण, लोकतंत्र सेनानी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

### महानदी के उद्गम स्थल को सजाने का काम कर रहा जिला प्रशासन



**धमतरी 27 जून।** छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी महानदी इन दिनों सजने संवरने लगी है। जिले के सिहावा में माँ अभियान के तहत छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी महानदी को जिला प्रशासन द्वारा संवारने का काम शुरू हो गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व और लम्बी कार्ययोजना के तहत सिहावा में महानदी के उद्गम स्थलों पर जिला प्रशासन द्वारा अनेकों काम करवाये जा रहे है। लेकिन इन दिनों श्रृंगीऋषि पर्वत स्थित गणेश घाट में चट्टानों पर बनाई गई सुंदर धार्मिक व प्राकृतिक चित्रकारी पर्यटकों को अपनी ओर खींच रहा है, अब यह सेल्फी पॉइंट बन गया है। छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी महानदी अब एक नए रूप में सजने-संवरने जा रही है। वनांचल सिहावा में स्थित महानदी के उद्गम स्थल गणेश घाट में मां महानदी जागरूकता अभियान के तहत सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार का काम शुरू हो चुका है। सिहावा-नगरी महानदी के उद्गम स्थल को सजाने-संवारने का कार्य जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत चट्टानों पर आकर्षक चित्रकारी करवाई जा रही है। गणेश घाट स्थित मंदिर के पास पहाड़ियों की चट्टानों पर धार्मिक और प्राकृतिक जीवन को दर्शाते हुए रंग-बिरंगे आकर्षक चित्र उकेरे जा रहे हैं। इनमें श्रृंगीऋषि और सप्त ऋषियों की छवियां, वन्यजीव जैसे-भालू, बाघ, तेंदुआ, हाथी, नीलगाय, बंदर और वन भैंसा, वृक्ष, फूल-पत्तियां और विदेशी पक्षियों की तस्वीरें, भगवान भोलेनाथ और नंदी की चित्रकारी की जा रही है।

#### आपातकाल स्मृति दिवस पर सम्मानित हुए लोकतंत्र सेनानी

# लोकतंत्र केवल एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति:साय

- लोकतंत्र सेनानियों का संघर्ष हम सबके लिए प्रेरणास्रोत

**रायपुर, 27 जून।** लोकतंत्र केवल एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति है। आज हम लोकतंत्र की फिजा में जिस आज़ादी का अनुभव कर रहे हैं, उसकी कीमत आपातकाल के दौरान कुछ लोगों ने यातना, अपमान और जेलों में समय काटकर चुकाई थी। इन लोकतंत्र सेनानियों की पीड़ा और संघर्ष को हर पीढ़ी तक पहुँचाना हमारा कर्तव्य है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित आपातकाल स्मृति दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोकतंत्र विरोधी ताकतों से सावधान रहने और लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को बेड़ियों में जकड़कर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। यह सब स्वतंत्र भारत में हुआ, लेकिन उस अमानवीयता ने अंग्रेजी हुकूमत की क्रूरता की याद दिला दी।



आपातकाल के दौरान असहनीय कष्ट सहने वाले लोकतंत्र सेनानी आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि 25 जून 1975 को भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला दिन माना जाता है। आपातकाल में हजारों लोगों को बिना अपराध के जेलों में ठूंस दिया गया, मौलिक अधिकार छीन लिए गए और लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि उन्होंने इस त्रासदी को बहुत करीब से देखा है। उनके स्वर्गीय बड़े पिताजी नरहरि प्रसाद साय भी उस दौर में 19 महीने तक जेल में बंद रहे थे। उनके द्वारा सुनाए गए किस्से आज भी रोंगटे खड़े कर देते हैं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार लोकतंत्र सेनानियों को बेड़ियों में जकड़कर शारीरिक और मानसिक यातनाएं दी गईं। यह सब स्वतंत्र भारत में हुआ, लेकिन उस अमानवीयता ने अंग्रेजी हुकूमत की क्रूरता की पुनः याद दिला दी। उन्होंने कहा कि आपातकाल में कलाकारों की स्वतंत्रता तक छीनी गई। पार्श्व गायक किशोर कुमार द्वारा सरकारी प्रचार गीत गाने से इनकार करने पर उनके गीतों पर आकाशवाणी में प्रतिबंध लगा दिया गया था।

#### मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर अमल

# हम होंगे कामयाब के तहत 30 युवाओं को मिला ड्राइविंग लाइसेंस व प्रमाणपत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 27 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर अमल करते हुए जिला प्रशासन द्वारा हम होंगे कामयाब के तहत बल्दाकछार एवं आस -पास के 30 ग्रामीण युवाओं को ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पूरा होने पर गुरुवार को विकासखंड कसडोल के ग्राम बोरसी में आयोजित चरण पादुका वितरण कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सभी 30 युवाओ को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस व प्रमाण पत्र प्रदान किया। कलेक्टर श्री दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला कौशल विकास प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा सुशासन तिहार अंतर्गत %हम होंगे कामयाब% के तहत जय अंबे ड्राइविंग स्कूल बलौदाबाजार के द्वारा इन युवाओं को ट्रेनिंग दिया गया। जिला कौशल विकास प्राधिकरण के प्रभारी अधिकारी सुमित मेरावी ने बताया कि कोर्स के तहत 30 युवाओ का चयन कर प्रशिक्षण दिया गया। अभी लर्निंग लाइसेंस दिया गया है।कएक माह पश्चात परमानेंट लाइसेंस बनाया जाएगा। यह पूरा प्रशिक्षण एवं लाइसेंस पंजीयन प्रक्रिया निःशुल्क है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सुशासन तिहार अंतर्गत 9 मई 2025 को आकस्मिक निरीक्षण में विशेष पिछडी जनजाति बाहुल्य गांव बल्दाकछार पहुंचे थे। उन्होंने वन विभाग द्वारा बार नावापारा में जंगल सफारी के लिए वाहन चलाने हेतु स्थानीय युवाओं को ड्राइविंग ट्रेनिंग देने के निर्देश दिये थे ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके।



### कर्ज से बचने बैंक एजेंट ने रची झूठी कहानी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**डोंगरगढ़, 27 जून।** राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में एक बैंक एजेंट ने कर्ज से बचने के लिए लूट की झूठी कहानी रची है। इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक के कलेक्शन एजेंट मयूर कुमार अडमे (26 साल) ने बैंक के दो लाख रुपए अपने घर के आंगन में काले कपड़े में बांधकर छिपा दिए थे और 20 जून को उसने अपनी बाइक और अन्य सामान बोरतलाव ओवरब्रिज के नीचे छिपा दिया था। यह सब उसने पुलिस को गुमराह करने के लिए किया। पुलिस ने डोंगरगढ़-बोरतलाव रोड के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। कैमरों में कहीं भी लूट की घटना नहीं दिखी। तकनीकी साक्ष्य और कॉल डिटेल की जांच से मामले का खुलासा हुआ। मयूर ने पुलिस को बताया कि महाराष्ट्र से वसूली कर लौटते समय चेन्द्री माता मंदिर के पास नकाबपोश बदमाशों ने उससे दो लाख रुपए लूट लिए। जांच में पता चला कि मयूर ने खुद ये कहानी रची थी।

# जांच में मिली अनियमितता, 5 कृषि केंद्र को कारण बताओ नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 27 जून।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में संचालित कृषि आदान विक्रय केंद्रों का लगातार जांच जारी है। उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक के नेतृत्व में निरीक्षकों के द्वारा प्रत्येक विकासखण्ड में संचालित विक्रय केंद्रों का लगातार निरीक्षण कर अनियमितता पर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 5 कृषि केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पलारी विकासखंड के ग्राम भवानीपुर में संचालित पटेल कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में निर्धारित प्रपत्र स्कंध पंजी का संधारण नहीं पाया गया। ग्राम वटगन के चंद्राकर कृषि केंद्र एवं अमेरा के शिवराम कृषि केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। इसी तरह बलौदा बाजार विकासखंड के निरीक्षक लोकनाथ दिवान एवं अनुविभागीय कृषि अधिकारी जयइंद्र कंवर द्वारा अंगार मोती कृषि केंद्र, सोनपुरी का निरीक्षण किया गया निरीक्षण में बीज स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित एवं स्कंध पंजी संधारित नहीं था, कीटनाशक का भी स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं किया गया था। ग्राम लटूआ के दीपक कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया जहां उर्वरक का उपलब्ध स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं था, स्कंध पंजी संधारित नहीं किया गया था, उपलब्ध कीटनाशक स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं था तथा विक्रय केंद्र में कालातीत कीटनाशक दवाइयों का नियमानुसार रख रखाव नहीं किया गया था। सभी कृषि के विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। तथा कृषि आदान विक्रय केंद्रों को किसी भी परिस्थिति में अनियमितता न बरतने के निर्देश दिए गए हैं।



## समाचार संक्षेप



### शिक्षक शिक्षा दे सकते हैं, संस्कार माता-पिता दे सकते हैं:सचिन सिंह

- शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने अतिथियों समक्ष रखा मांग

**छुरिया, 27 जून।** पीएम स्वामी आत्मानंद स्कूल में नवीन सत्र में शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया , इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सचिन सिंह बघेल , जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कार्यक्रम की अध्यक्षता मती किरण वैष्णव , जिला पंचायत अध्यक्ष , कार्यक्रम विषेश अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिन्हा , नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल , जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव , जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड़सेना , जिला पंचायत सदस्य मती बिरमा बाई मंडावी मंडल अध्यक्ष कांता साहू , सुरेन्द्र सिंह भाटिया , शेखर भारद्वाज , मनभावन सिंह ऊइके साहू राजेश्वर धृवै नैन सिंह पटेल , कौशल कुंभकार , इस कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यक्रम शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र में माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया , मुख्य अतिथि सचिन सिंह संबोधित करते हुए कहा , शिक्षकों के द्वारा शिक्षा दिया जा सकता है, संस्कार बच्चों में माता पिता दे सकते हैं , देश में 2014 के बाद व्यापक परिवर्तन आया है , 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा , रोजगार के आज बेहतर अवसर है सिर्फ उस दिशा में कदम बढ़ाने की जरुरत है , मोबाइल का इस्तेमाल सिर्फ पढ़ाई के लिए करें , मोबाइल अधिक उपयोग करने से अपनी प्रतिभा नहीं निखार सकते इसलिए पढ़ाई पूरी ईमानदारी शिद्दत के साथ करें , छुरिया पीएम स्वामी आत्मानंद बेहतर शिक्षक है एंव अनुभवी हैं एक हजार बच्चे जिस स्कूल में अध्ययनरत हो तो स्कूल पढ़ाई व्यवस्था बेहतर होने के कारण वनांचल के बच्चे पढ़ाई करने यहां आते हैं जो भी स्कूल की समास्या उसे दूर करने का प्रयास किया जायेगा।

### बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1800-233-1905 जारी

**बलौदाबाजार, 27 जून।** प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान हेतु उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर पुलिस विभाग द्वारा टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1800-233-1905 जारी किया गया है, जो 24 घंटे और सप्ताह के सभी दिनों में सक्रिय रहेगा। इस हेल्पलाइन के माध्यम से राज्य का कोई भी नागरिक अपने क्षेत्र में मौजूद संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों अथवा उनकी गतिविधियों के संबंध में सूचना सीधे पुलिस प्रशासन को दे सकता है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी ताकि लोग बिना किसी भय के राष्ट्रहित में सहयोग कर सकें। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि देश की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार राज्य को घुसपैठियों और अवैध गतिविधियों से मुक्त रखने के लिए प्रतिबद्ध है। जब तक ऐसी ताकतों को जड़ से नहीं उखाड़ा जाएगा, तब तक हमारे नागरिकों की सुरक्षा और शांति खतरे में रहेगी। यह हेल्पलाइन आम जनता को एक सीधा, सुरक्षित और प्रभावी माध्यम प्रदान करती है जिससे वे देशहित में अपनी भागीदारी निभा सकें। राज्य में अवैध बांग्लादेशी नागरिको की सूचना पर पूरी ताकत के साथ जांच और पहचान कर रही है।



- उप मुख्यमंत्री शर्मा ने अवैध बांग्लादेशी अथवा पहचान पर संदेह होने पर तुरंत टोल फ्री नम्बर पर संपर्क करने की अपील की

### जिले में अब तक 122.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार, 27 जून।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 26 जून 2025 तक 122.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा तहसील सुहेला में 210.6 एवं सबसे कम वर्षा सोनाखान तहसील में 75 मिलीमीटर हुई है। तहसील लवन में 112.2, सिमगा में 134, भाटापारा में 136, कसडोल में 85.1, पलारी में 112.7, टुंण्डरा में 120 एवं बलौदाबाजार में 115.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 1100.9 मिमी अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 122.3 मिमी है। 26 जून 2025 को 474.1मिलीमीटर दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 52.7 मि.मी.है। जिले के तहसीलवार में टुण्डरा 11.5, कसडोल13.3, सिमगा 40, सोनाखान 25, लवन 28,सुहेला 152.5, बलौदाबाजार 75, पलारी 56.8 एवं भाटापारा में 72 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

### कुरूद परियोजना के 4 आंगनबाड़ी केन्द्रों में की जाएगी सहायिका की भर्ती

**धमतरी 27 जून।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कुरूद के तहत 4 आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती की जानी है। इनमें आंगनबाड़ी केन्द्र डांडेसरा, सिवनीकला, भैंसबोडद्व और राखी शामिल है। इसके लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय कुरूद में आगामी 10 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय कुरूद में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से भेजा जा सकता है। परियोजना अधिकारी ने बताया कि आंगनबाड़ी सहायिका का पद पूरी तरह से मानसेवी तथा अशासकीय पद है और शासन द्वारा निर्धारित मानदेय प्रतिमाह दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 44 साल तक की आयु की, कम से कम आठवीं पास शैक्षणिक योग्यताधारी और उसी गांव की निवासी आवेदन कर सकती है।

# प्रशासन ने नहीं सुनी फरियाद,ग्रामीणों ने उठाया सड़क बनाने का बीड़ा







- नगरी ब्लॉक के बिरनासिल्ली गांव के लोग खुद ही बना रहे सड़क

■ रिज़वान मेमन

धमतरी। नगरी ब्लाक के ग्रामीण अंचलों में सड़कों की स्थित बहुत ही दयनीय है। ग्रामीण लम्बे अरसे से शासन प्रशासन से सडक मरम्मत व नई सड़क की मांग करते आ रहे हैं लेकिन उनके कानों में जूँ तक नहीं रेंगी। आखिरकार ग्रामीणों के इसका बीड़ा खुद उठाया और चल पड़े खुद ही सड़क बनाने। प्रशासन से गुहार लगाकर थक चुके नगरी ब्लाक के ग्राम पंचायत बिरनासिल्ली के ग्रामीणों ने आपस में चंदा इकट्ठा कर व ग्राम वासियों के श्रमदान से सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया है। नगरी ब्लाक मुख्यालय से 20 किलो मीटर की दूरी पर बिरनासिल्ली बसा हुआ है, जहाँ शासन द्वारा बिरनासिल्ली नदी मे लाखों रूपये खर्च कर एक बडा पुल व पुल के दोनो तरफ दो दो सौ मीटर में सडक तो बना दिया मगर गांव के पहुच मार्ग पुल से बस्अंई तक दो किलो मीटर की दूरी को छोड़ दिया। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है खासकर बारिश के दिनों। पुल पार करने के बाद ग्रामीणों को पैदल चल कर गांव पहुंचना पड़ रहा है। बारिश होते ही यह रास्ता दलदल मे तब्दील हो जाता है। ऐसे में ग्रामीणों के के साथ स्कूली छात्र छात्राओ को भी परेशानियो का सामना करना पडता है। यदि गांव में किसी की तबियत खराब हो या प्रसव पीडा तो वाहन गांव तक नही पहुचते जिसे देखते हुए पूरे ग्रामीणो ने थक हारकर खुद ही सडक बनाने का निर्णय लिया और पूरे ग्राम वासियो ने चंदा के साथ हर घर के ग्रामीण सडक बनाने जुट गये। सड़क निर्माण में जुटे भूपेश मरकाम, देवीराम सलाम, संपत सलाम, जयराम मरकाम, जागेश्वर मरकाम, शिवकुमार, नंद कुमार सॉरी, भारत सागर, सुखदेव नेम, कमलेश मांडवी, अनिरुद्ध सॉरी, जागेश्वर मांडवी ने बताया कि आज हम जब कई जगह जाते है और देखते है की उनके गाव का पहुच मार्ग चकाचक है उन्हे कोई परेशानी नही होती किसी भी समय कोई भी वाहन घर के दरवाजे तक पहुच जाते हैं। स्कूली छात्र छात्राऐ बडे अराम से स्कूल जाते है उनका यूनिफार्म भी खराब नही होता, वहीं जब हम अपने गांव को देखते तो बहुत दुख होता। बारिश के दिनो मे हमारे गाव मे कोई आना भी पसंद नही करता है।चारों ओर नदी और बारिश का पानी होने पर गाव टापू मे बदल जाता। ऐसे मे अगर कोई जरूरी हो तो भी गाव से नही निकल पाते। गांव के बडी नदी मे जब पूल बना तो ग्रामीण बहुत खुश हुए पूल के साथ सडक भी बनेगा मगर जब सडक नही बनी तो ग्रामीणो ने सडक बनाने की मांग भी शासन प्रशासन से किया लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

## संपादकीय

### हास्य-व्यंग्य के शिल्पकार थे डॉ.दुबे

छत्तीसगढ़ी व हिंदी के जाने माने हास्य व्यंग्य के कवि डा. सुरेंद्र दुबे छत्तीसगढ़ की पहचान थे। उनका हार्ट अटैक से निधन छत्तीसगढ़ के साहित्य की अपूरणीय क्षति है। वह छत्तीसगढ़ी हास्य व्यंग्य के लिए छत्तीसगढ़ की पहचान थे। उनकी छत्तीसगढ़ी रचनाए ऐसे तीखी, हास्य व व्यंग्य सराबोर होती थी, वह लोगों को हंसाती भी और एक अर्थपूण संदेश भी देती थी। उन्होंने अपने विलक्षण हास्य व तीखे व्यंग्य से  पूरे देश में छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया। उनके इस तरह निधन से पूरा छत्तीसगढ़ स्तब्ध है कि ऐसा कैसे हो गया। उन्हें इलाज के लिए एसीआई में भर्ती किया गया था। इनका इलाज चल रहा था, वह ठीक भी हो गए थे कि अचानक दो तीन अटैक आने से उनका निधन हो गया। छत्तीसगढ़ के सपूत पद्मश्री डॉ.सुरेंद्र दुबे का जन्म 8 अगस्त 1953 को हुआ,वह पेशे से आयुर्वेदिक चिकित्सक थे। उन्होंने अपने हास्य  व्यंग्य से अपनी पहचान हास्य  व्यंग्य के कवि के रूप में बनाई। भारतीय साहित्य के साथ ही छत्तीसगढ़ भाषा की उनकी समझ बहुत गहरी थी। वह छत्तीसगढ़ी का प्रयोग हास्य व्यंग्य में इस तरह करते थे कि लोग खूब हंसते थे। हास्य व्यंग्य की कविताओं के चलते उनको छत्तीसगढ ही नहीं पूरे देश में एक अलग पहचान मिली। उन्होंने पांच किताबें भी लिखी हैं।कई मंचों व टीवी शो के जरिए भी उन्होंने लोगों का ऐसा मनोरंजन किया कि लोग उनको उनके हास्य व्यंग्य के लिए याद करते हैं। साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए भारत सरकार ने वर्ष 2010 में देश के चौथे उच्चतम भारतीय नागरिक पुरस्कार पदमश्री से नवाजा। इसके अलावा डॉ.दुबे को 2008 में काका हाथरसी पुरस्कार मिला था।वर्ष 2012 में पं. सुंदरलाल शर्मा सम्मान,अट्टहास सम्मान,संयुक्त राज्य अमरीका में लींडिग पोयेट आफ इंडिया का सम्मान मिल चुका था। डॉ.दुबे ने हास्य व व्यंग्य को हास्य तक सीमित नहीं रहने दिया. उन्होंने हास्य व व्यंग्य को सामाजिक चिंतन का जरिया भी बनाया और समाज को संदेश देने का काम भी किया। वह हमारे बीच आज नहीं हैं,अपनी कविताओं के जरिए वह हमेशा हमारे साथ रहेंगे। जब भी राज्य में कोई कवि सम्मेलन होगा उनकी कमी महसूस होगी, वह याद किए जाएंगे।

## राशिफल

**मेष** आज आपकी सेहत कमजोर रहने वाली है, जिसका असर आपके कामों पर भी पड़ेगा। आप यदि यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे थे, तो आप कुछ समय के लिए स्थगित कर दें। अपने कामों को लेकर आपको थोड़ा धैर्य रखने की आवश्यकता है। बिजनेस कर रहे लोगों को कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। आपकी परिवार के सदस्यों से चल रही अनबन भी बातचीत के जरिए दूर होगी। आप कुछ नया क्रिएटिव करने में लगे रहेंगे। बॉस को आपकी यह आदत खूब पसंद आएगी।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने बिजनेस को लेकर किसी एक्सपर्ट से सलाह-मशवरा ले सकते हैं। नौकरी में कार्यरत लोगों को मन मुताबिक काम मिलने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप किसी की बातों में आकर कोई फैसला लेने से बचें। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए चुनौतियों भरा रहने वाला है। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा। आपका धन यदि कहीं फंसा हुआ था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। परिवार में किसी सदस्य की नौकरी में यदि समस्या आ रही थी, तो उन्हें कोई नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आप किसी नए काम की शुरुआत करने की प्लानिंग कर सकते हैं। आप अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए कारोबार में अच्छी सफलता लेकर आने वाला है। किसी भूमि और भवन आदि की खरीदारी करना आपके लिए अच्छा रहेगा। विद्यार्थी अपने विषयों में कोई बदलाव कर सकते हैं। आप अपने कामों में कोई बदलाव कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छा रहेगा। पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको काफी हद तक राहत मिलेगी। आपको अपने सहयोगियों से मन की बात कहने का मौका मिलेगा। आप अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुश होंगे।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको धैर्य और संयम से अपने कामों को निपटाना होगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले। आप अपने कामों को लेकर आलस्य दिखा सकते हैं, लेकिन बाद में आपको कोई बड़ा नुकसान हो सकता है। आप किसी को धन उधार देने से बचें। धार्मिक कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी। संतान को किसी नए कोर्स में दाखिला दिला सकते हैं। आप अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखें। जीवनसाथी से आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। यदि कोई समस्या लंबे समय से आपको घेरे हुए थी तो वह भी दूर हो सकती है। आपको किसी गलत निर्णय को लेने के लिए पछतावा हो सकता है। आपका कोई काम पूरा होने में समस्या खड़ी हो सकती है। आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं को पहचानने की आवश्यकता है। भाई और बहनों से आपकी खूब पटेगी।

**तुला** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपके किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं। जीवनसाथी आपके लिए कोई सरप्राइस प्लान लेकर आ सकते हैं। साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आप दूसरों की मदद के लिए आगे आएंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ रोमांटिक समय व्यतीत करेंगे। आपको अपनी माता जी की सेहत पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। आप पार्टनरशिप में कोई काम करने से बचें।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए संघर्षों से भरा रहने वाला है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। दोस्तों से किसी बात को लेकर वाद-विवाद हो सकता है। आप अपने धन और समय दोनों को बचाकर रखें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। नौकरी में आपको प्रमोशन मिलने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। माता-पिता के मार्गदर्शन से आप किसी नए काम में आगे बढ़ सकते हैं। आपकी किसी पारिवारिक कलह को मिल बैठकर दूर करने की आवश्यकता है।

**धनु** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। बिजनेस में यदि आपका धन डूबा हुआ था, तो आप उसे निकालने की पूरी कोशिश करेंगे। आप अपने घर के कामों में कोई बदलाव कर सकते हैं। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी हो सकती हैं। आपको अपनी पेट संबंधित समस्याओं को नजरअंदाज करने से बचना होगा। जीवनसाथी से कोई बात आप बहुत ही संयम रखकर करें। आपकी किसी बात से पिताजी नाराज हो सकते हैं।

**मकर** आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। नौकरी में भी आपको मन मुताबिक काम मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को थोड़ा संभलकर चलना होगा और आप किसी से मांगकर वाहन चलाएं, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है। संतान को कोई पुरस्कार मिलने से आपका मन काफी खुश होगा।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए खर्च भरा रहने वाला है। आपको अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोलें। किसी नये घर और दुकान आदि की खरीदारी कर सकते हैं। नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई दूसरी नौकरी का ऑफर आ सकता है। आपके बॉस आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे और राजनीतिक में आप थोड़ा सोच समझकर हाथ बढ़ाएं, लेकिन विरोधी जहां आपको नुकसान पहुंचाने की पूरी कोशिश करेंगे। आपके रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी।

**मीन** आज आपको आपका फंसा हुआ धन मिल सकता है और आपका कोई अटका हुआ काम पूरा होने की संभावना है। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा, लेकिन आप किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचें। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता मिलती दिख रही है। संतान के भविष्य को लेकर आप कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करने की प्लानिंग कर सकते हैं। पैतृक संपत्ति की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

## धर्म

# आस्था, भक्ति और सामाजिक समरसता का भव्य उत्सव है भगवान जगन्नाथ रथयात्रा

**शुभा दुबे**

भगवान जगन्नाथ को भगवान विष्णु या श्रीकृष्ण का अवतार माना जाता है। रथ यात्रा का आयोजन आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को होता है, जिसे 'रथ द्वितीया' कहा जाता है। यह परंपरा सदियों पुरानी है और कहा जाता है कि यह यात्रा 12वीं सदी से भी पहले शुरू हो चुकी थी।

भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत में भगवान जगन्नाथ की यात्रा एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखती है। हर वर्ष ओडिशा के पुरी नगर में आयोजित होने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह आस्था, भक्ति और सामाजिक समरसता का भव्य उत्सव भी है। यह यात्रा भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को विशाल रथों में श्रीमंदिर से बाहर लाकर जनसामान्य के दर्शन हेतु निकाली जाती है। भगवान जगन्नाथ को भगवान विष्णु या श्रीकृष्ण का अवतार माना जाता है। रथ यात्रा का आयोजन आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को होता है, जिसे 'रथ द्वितीया' कहा जाता है। यह परंपरा सदियों पुरानी है और कहा जाता है कि यह यात्रा 12वीं सदी से भी पहले शुरू हो चुकी थी।

पुरी के श्रीजगन्नाथ मंदिर की रथ यात्रा विश्व प्रसिद्ध है और इसे देखने के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पुरी पहुंचते हैं। इस उत्सव की भव्यता और अध्यात्मिक ऊर्जा को देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो जाता है।



### रथ यात्रा की विशेषताएं

**तीन रथः** भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के लिए अलग-अलग विशाल रथ बनाए जाते हैं। ये रथ हर साल नए लकड़ी से तैयार किए जाते हैं। भगवान जगन्नाथ के रथ का नाम 'नंदिघोष', बलभद्र के रथ का नाम 'तालध्वज' और सुभद्रा के रथ का नाम 'दर्पदलन' होता है, इसे पद्म ध्वज नाम से भी पुकारा जाता है।

**गुंडिचा मंदिर यात्राः** रथ यात्रा के दौरान भगवान अपने भाई-बहन के साथ श्रीमंदिर से करीब 3 किलोमीटर दूर स्थित गुंडिचा मंदिर जाते हैं। वहां वे सात दिन तक विश्राम करते हैं और फिर 'बहुड़ा यात्रा' के माध्यम से वापस आते हैं।

**छेरा पहराः** पुरी के गजपति महाराज स्वयं सोने की झाड़ू से रथ की सफाई करते हैं। इसे 'छेरा पहरा' कहा जाता है और यह राजा द्वारा भगवान के प्रति अपनी सेवा और समर्पण का प्रतीक है।जगन्नाथ यात्रा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं है, यह भारतीय समाज की समरसता, समानता और एकता का प्रतीक भी है। इस उत्सव में जाति, वर्ग, धर्म और लिंग की सीमाएं टूट जाती हैं। सभी लोग मिलकर रथ को खींचते हैं और भगवान के दर्शन करते हैं। इस यात्रा का एक प्रमुख संदेश यह है कि भगवान सभी के हैं और वे स्वयं जनता के बीच आकर उन्हें दर्शन देते हैं। पुरी की रथ यात्रा विश्व की सबसे बड़ी चलती तीर्थयात्राओं में से एक मानी जाती है। रथयात्रा में सबसे आगे ताल ध्वज पर श्री बलराम, पीछे पद्म ध्वज रथ पर माता सुभद्रा व सुदर्शन चक्र और अंत में गरुण ध्वज पर या नंदीघोष नाम के रथ पर श्री जगन्नाथ जी सबसे पीछे चलते हैं। तालध्वज रथ 65 फीट लंबा, 65 फीट चौड़ा और 45 फीट ऊँचा है। इसमें 7 फीट व्यास के 17 पहिये लगे होते हैं। संध्या तक तीनों ही रथ मंदिर पहुँचते हैं। भगवान मंदिर के सिंहद्वार पर बैठकर जनकपुरी की ओर रथयात्रा करते हैं। जनकपुरी में तीन दिन का विश्राम होता है जहां उनकी भेंट श्री लक्ष्मीजी से होती है। इसके बाद भगवान पुनः श्री जगन्नाथ पुरी लौटकर आसनरुढ़ हो जाते हैं। श्री जगन्नाथ जी के प्रसाद को महाप्रसाद माना जाता है जबकि अन्य तीर्थों के प्रसाद को सामान्यतः प्रसाद ही कहा जाता है। श्री जगन्नाथ जी के प्रसाद को महाप्रसाद का स्वरूप महाप्रभु बल्लभाचार्य जी के द्वारा मिला।

दस दिवसीय यह रथयात्रा भारत में मनाए जाने वाले धार्मिक उत्सवों में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। भगवान श्रीकृष्ण के अवतार 'जगन्नाथ' की रथयात्रा का पुण्य सौ यज्ञों के बराबर माना जाता है। यात्रा की तैयारी अक्षय तृतीया के दिन श्रीकृष्ण, बलराम और सुभद्रा के रथों के निर्माण के साथ ही शुरू हो जाती है। जगन्नाथ जी का रथ 'गरुड़ध्वज' या 'कपिलध्वज' कहलाता है। रथ पर जो ध्वज है, उसे 'त्रैलोक्यमोहिनी' या 'नंदीघोष' रथ कहते हैं। रथ ध्वज 'नदंबिक' कहलाता है। इसे खींचने वाली रस्सी को 'स्वर्णचूडा' कहते हैं। जगन्नाथ जी की रथयात्रा में भगवान श्रीकृष्ण के साथ राधा या रुक्मिणी नहीं होतीं बल्कि बलराम और सुभद्रा होते हैं।

### भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा की कथा

द्वारिका में श्री कृष्ण रुक्मिणी आदि राज महिषियों के साथ शयन करते हुए एक रात निद्रा में अचानक राधे-राधे बोल पड़े। महारानियों को आश्चर्य हुआ। जागने पर श्रीकृष्ण ने अपना मनोभाव प्रकट नहीं होने दिया, लेकिन रुक्मिणी ने अन्य रानियों से वार्ता की कि, सुनते हैं वृंदावन में राधा नाम की गोपकुमारी है जिसको प्रभु ने हम सबकी इतनी सेवा निष्ठा भक्ति के बाद भी नहीं भुलाया है। राधा की श्रीकृष्ण के साथ रहस्यात्मक रास लीलाओं के बारे में माता रोहिणी भली प्रकार जानती थीं। उनसे जानकारी प्राप्त करने के लिए सभी महारानियों ने अनुनय-विनय की। पहले तो माता रोहिणी ने टालना चाहा लेकिन महारानियों के हठ करने पर कहा, ठीक है। सुनो, सुभद्रा को पहले पहरे पर बिठा दो, कोई अंदर न आने पाए, भले ही बलराम या श्रीकृष्ण ही क्यों न हों। माता रोहिणी के कथा शुरू करते ही श्रीकृष्ण और बलराम अचानक अंतःपुर की ओर आते दिखाई दिए। सुभद्रा ने उचित कारण बता कर द्वार पर ही रोक लिया। अंतःपुर से श्रीकृष्ण और राधा की रासलीला की वार्ता श्रीकृष्ण और बलराम दोनों को ही सुनाई दी। उसको सुनने से श्रीकृष्ण और बलराम के अंग अंग में अद्भुत प्रेम रस का उद्भव होने लगा। साथ ही सुभद्रा भी भाव विह्वल होने लगीं। तीनों की ही ऐसी अवस्था हो गई कि पूरे ध्यान से देखने पर भी किसी के भी हाथ-पैर आदि स्पष्ट नहीं दिखते थे। सुदर्शन चक्र विगलित हो गया। उसने लंबा-सा आकार ग्रहण कर लिया। यह माता राधिका के महाभाव का गौरवपूर्ण दृश्य था। अचानक नारदजी के आगमन से वे तीनों पूर्ववत् हो गए। नारद ने ही श्री भगवान से प्रार्थना की कि हे भगवान आप चारों के जिस महाभाव में लीन मूर्तिस्थ रूप के मैंने दर्शन किए हैं, वह सामान्य जनों के दर्शन हेतु पृथ्वी पर सदैव सुशोभित रहे। महाप्रभु ने तथास्तु कह दिया।

# बहुत याद आयेंगे सुरेंद्र दुबे

**विजय मिश्रा अमित**

मनुष्य का जीवन सच में क्षणभंगुर है।उसका अगला पल कैसा होगा? कोई नहीं जान सकता। इस बात को आज 26 जून 2025 को कवि पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे जी के आकस्मिक देहावसान की खबर ने फिर से अटल सत्य करार दिया। मन मस्तिष्क को हिला कर रख दिया। यकीन ही नहीं हो रहा है कि सदैव हंसने हंसाने वाला कवि ह्दयी व्यक्ति सदा सदा के लिए दुनिया से इस तरह अनायास दूरी बना लेगा।





टायगर अभी जिंदा हे, हास्य का कोकड़ा व्यंग्य का परिंदा,ब्लेक डायमंड, जैसे संज्ञा स्वयं को देने वाले, स्वयं पर व्यंग्य करने वाले और खुद की हंसी उड़ाने वाले खुशमिजाज कविश्री दुबे जी के निधन ने समूचे छत्तीसगढ़ सहित राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय काव्य जगत को झकझोर कर रख दिया है, किन्तु "ईश्वर इच्छा के आगे सब नतमस्तक हैं" को एक बार फिर से स्वीकारना ही पड़ा। छत्तीसगढ़ की धरा से निकलकर दिल्ली के लाल किले में और अंतरराष्ट्रीय काव्य जगत में छत्तीसगढ़ सहित छत्तीसगढ़ी भाषा की पहचान बनाने के मामले में वे सदैव अग्रणी रहे और इतिहास रच कर चले गए। किसी कवि श्री की लिखी हुई यह पंक्तियां सटीक बैठती हैं पद्मश्री दुबे जी पर- कुछ लोग थे जो वक्त के सांचे में ढल गए ।कुछ लोग थे जो वक्त के सांचे बदल गए" वर्ष 1982-83 में मेरी पहली मुलाकात उनसे दुर्ग में हुई थी। उस दौरान रामहृदय तिवारी जी द्वारा स्थापित नाट्य संस्था क्षितिज रंग शिविर में हम रंगकर्मियों का दल बेहद सक्रिय था। तब हमने संतोष जैन जी के निर्देशन में स्व.सुरेन्द्र दुबे जी के लिखित नाटक का मंचन किया था। नाट्य मंचन के सिलसिले में भेंट होती थी तो पद्मश्री दुबे जी कहते थे " मनखे अपन जिनगी म रोजाना, हर पल, हर घड़ी नवा नवा नाटक करत रहिथे। नवा नवा किरदार ल जीयत रहिथे"। विजय भाई, इन सबके बीच हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि सीमेंट - कांक्रीट से बने रंगमंच पर जारी नाटक के अंत का पता होता है, किन्तु जिंदगी के रंगमंच पर चल रहे नाटक में किसका पर्दा कब गिरेगा? कोई नहीं जानता। उनकी कही ए बातें याद करके आंखें नम हैं।

हाल ही में रायपुर प्रेस क्लब में रामेश्वर वैष्णव जी की किताब "ऊत्ता धुर्रा" के विमोचन समारोह में भी उनसे चर्चा हुई थी।यद्यपि वे जल्दबाजी में थे,उन्हें दिल्ली जाना था, फिर भी पर्याप्त समय उन्होंने दिया था। मुझे भी अपनी किताब के संबंध में उनसे बातचीत करनी थी।बाद में फोन पर जब जब उनसे बात होती थी अथवा मुलाकात होती थी तो उन्हें सुनकर यही लगता था की "आम से हटकर कुछ खास करने की कोशिश करने वालों को ही कामयाबी मिलती है"।

बातों-बातों में मेरा हौसला बढ़ाते हुए कहते थे- "विजय भाई, ते तों रंगकर्मी आस, कुछू न कुछू करते रहिथस। बस अतेक सुरता राखबे कि अपन काम ल हमेशा उम्दा करबे,ताकि परदा गिरे के बाद भी ताली बाजत रहय।"। सोच रहा हूं कि पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे जी की जिंदगी का पर्दा तो गिर गया, पर उनकी कही हुई बातें,उनके काम,उनके यश की चर्चा चहुं ओर हो रही है।वे बता गए कि आदमी की पहचान उसके काम से ही होती।अपने किरदार को वे खूब जिए, जी भरकर जिए। उनकी जिंदगी का परदा गिर गया पर उनका नाम- काम अजर- अमर हो गया। उनके आकस्मिक निधन से हतप्रभ मन और अंतरात्मा से आवाज आ रही है कि दीन दुनिया को वे हंसाते हंसाते चले गये पर संदेसा छोड़ गए -जो तू आया मूड़ जगत में जग हंसे तू रोए।ऐसी करनी कर चल भैया तू हंसे जग रोए।

**उन्हें शत-शत नमन। अश्रुपूरित सादर श्रद्धांजलि।"**

## भारतीय कामगारों का सशक्तिकरण : रोजगार में बढ़ोतरी और श्रमिक कल्याण के डिजिटल उपाय

**वी. अनंत नागेश्वरन**

आधुनिक डिजिटल युग में, चैटबॉट, पोर्टल, ऑनलाइन शिकायत निवारण व्यवस्था और प्रबंधन सूचना प्रणालियों द्वारा संचालित ई-गवर्नेंस पोर्टल ने सरकार को लोगों के बेहद करीब ला दिया है। प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकार रोजगार वृद्धि और कामगारों की सामाजिक सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने को फिर से परिभाषित और पुनर्संयोजित कर रही है। अब प्रक्रियाएं अधिक कुशल, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बन रही हैं। योजना से संबंधित पोर्टल अब "ऑल-इन-वन" (एकल सुविधा) प्लेटफ़ॉर्म के रूप में कार्य कर रहे हैं, जो धोखाधड़ी, मैन्युअल प्रक्रियाओं और प्रशासनिक बोझ कम करते हुए कार्यक्रमों के बारे में निर्बाध ज्ञान प्रवाह और लाभ मापन की सुविधा प्रदान करते हैं। योजनाओं को आधार कार्ड से जोड़े जाने और विभिन्न योजनाओं के साथ इसके अंतर्संबंध से किसी को दो बार लाभ लेने से रोकने के साथ ही यह सुनिश्चित होता है कि लाभ समय पर लक्षित लोगों तक ही पहुंचें। आपस में जुड़े पोर्टल कामगारों को लाभकारी योजनाओं तक पहुंचने और आवेदन की स्थिति जानने, रोज़गार के अवसरों का पता लगाने और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं। जबकि ये नियोक्ताओं को राष्ट्रीय प्रतिभा पूल के उपयोग में सहायता प्रदान करते हैं, जिससे कौशल और अनुभव के आधार पर कामगारों की भर्ती संभव हो पाती है। इसके अतिरिक्त, ये पोर्टल असंगठित श्रमिकों, नौकरी के इच्छुक कामगारों, नियोक्ताओं और रोज़गार के अवसरों का व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने में योगदान देते हैं, जिससे नीति निर्माताओं को सूचित, डेटा-समर्थित निर्णय लेने की सहूलियत मिलती है। किसी बड़े संकट के समय, महामारी इत्यादि के दौरान, ये डेटाबेस बेहद उपयोगी सिद्ध होंगे, जिससे ज़रूरतमंदों की शीघ्रता से पहचान और समय पर सहायता सुनिश्चित हो सकेगी। यह डिजिटल शासन में परिवर्तन को सुव्यवस्थित कर रहा है, नागरिकों को सशक्त बना रहा है और कल्याणकारी प्रयासों की व्यापकता और प्रभावशीलता बढ़ा रहा है। इन पहल के कुछ उदाहरणों की यहां चर्चा की गई है। राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल इस परिवर्तनकारी पहल का एक उल्लेखनीय उदाहरण है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा 2015 में आरंभ किए गए इस पोर्टल ने रोजगार के इच्छुक व्यक्तियों को संबंधित सेवा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 5 करोड़ 50 लाख से अधिक कामगारों के पंजीकरण के साथ, यह एक "वन-स्टॉप प्लेटफ़ॉर्म" के रूप में काम कर रहा है जो नौकरी पाने के इच्छुक व्यक्तियों को देश भर में रोज़गार के अवसरों से जोड़ता है। इस पर उन्हें करियर काउंसलिंग, जॉब मैचिंग, इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप (प्रशिक्षुता), कौशल विकास पाठ्यक्रम आदि की जानकारी प्रदान की जाती है। किसी राज्य विश्वविद्यालय से तुरंत स्नातक होने वाला छात्र पहले मोबाइल फ़ोन के ज़रिए देश भर में नौकरी के अवसरों को जानने की कल्पना भी नहीं कर सकता था। पर आज, एनसीएस की मदद से कोई भी व्यक्ति आसानी से स्थान के हिसाब से पीएम गतिशक्ति के साथ एकीकरण के ज़रिए, देश भर में नौकरियों की खोज कर सकता है, करियर और नौकरी संबंधी परामर्श प्राप्त कर सकता है और यहां तक कि स्किल इंडिया डिजिटल (एसआईडी) पोर्टल के ज़रिए आवश्यक कौशल भी हासिल कर सकता है। यह सब उसे फ़ोन पर या स्थानीय रोजगार मेलों में शामिल होकर मिल सकता है। एनसीएस परियोजना के अंतर्गत अब तक लगभग 57 हजार रोज़गार मेले आयोजित किए जा चुके हैं। इसके अलावा, एनसीएस पोर्टल को स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच), उद्यम, ई-श्रम, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), पीएम गतिशक्ति, डिजीलॉकर और अन्य के साथ एकीकृत किया गया है, जिससे हितधारकों की उन तक पहुंच और दक्षता में वृद्धि हुई है। यह पोर्टल लगभग 30 राज्यों और निजी रोजगार पोर्टलों से भी जुड़ा हुआ है, जिससे कामगारों को नौकरी के अवसरों तक व्यापक पहुंच हो रही है। इसी तरह, श्रम सुविधा और समाधान पोर्टल, उद्योग और व्यापार के लिए अनुपालन और व्यापार सुगमता को बढ़ाते हैं तथा विवादों का तेजी से समाधान और दावे तथा श्रमिकों की शिकायतों का निपटान सुनिश्चित करते हैं। ईएसआईसी धनवंतरी मॉड्यूल अस्पतालों और औषधालयों को मरीजों का रिकॉर्ड (परीक्षण इत्यादि) पिछले मामले के इतिहास आदि की बेहतर उपलब्धता प्रदान करने में सक्षम बनाता है, जिससे रोगी की बेहतर देखभाल सुनिश्चित होती है। ये पहल सरकार के संकल्प के स्पष्ट प्रमाण हैं कि प्रौद्योगिकी के लाभ से विभिन्न पहल द्वारा सभी के लिए अधिक सुलभ, कुशल और पारदर्शी सेवा मुहैया कराने के कल्याणकारी उपायों में कोई भी पीछे न छूटे।

## सेहत

### रोजाना इन चमत्कारी मुद्राएं करने से चांद की तरह चमकेगा चेहरा

योग मुद्राएं हाथों की विशेष आकृतियां होती हैं, जिनको रोजाना करने से बॉडी में एनर्जी का फ्लो बैलेंस होता है और स्वास्थ्य को भी कई लाभ मिलते हैं। ऐसे में आज हम आपको 3 खास मुद्राओं के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको करने से आपकी स्किन पहले से ज्यादा हेल्दी और ग्लोइंग बनती है। अगर आप भी चाहती हैं कि आपका चेहरा हमेशा खिला-खिला और चमकदार दिखाई दे, तो यह कई मुश्किल काम नहीं है। लेकिन आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी, प्रदूषण, अनहेल्दी खाना और तनाव की वजह से स्किन अपना नेचुरल ग्लो खोने लगता है। हालांकि स्किन को ग्लोइंग और चमकदार बनाने के लिए महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। जिसका असर थोड़े समय के  लिए दिखता है। लेकिन आप स्किन को अंदर से हेल्दी और चमकदार बनाने के लिए नेचुरल उपाय अपना सकते हैं। योग एक ऐसी आसान तकनीक है, जो न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को सही रखता है। बल्कि इससे आपकी स्किन को भी नई जान मिलती है। इन्हीं में से एक योग मुद्रा है। बता दें कि योग मुद्राएं हाथों की विशेष आकृतियां होती हैं, जिनको रोजाना करने से बॉडी में एनर्जी का फ्लो बैलेंस होता है और स्वास्थ्य को भी कई लाभ मिलते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 3 खास मुद्राओं के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको करने से आपकी स्किन पहले से ज्यादा हेल्दी और ग्लोइंग बनती है।

**वरुण मुद्रा**-वरण मुद्रा का संबंध जल तत्व से है। यह शरीर में जल तत्व को संतुलित करने का काम करती है, जोकि स्किन को नमी और हेल्थ के लिए बेहद जरूरी है।

**ऐसे करें वरुण मुद्रा**-इस मुद्रा को करने के लिए रीढ़ की हड्डी सीधी रखें और कंधों को ढीला छोड़कर आराम से बैठ जाएं।

अपने मन को शांत करें और गहरी सांस लें।

अब दोनों हाथों को घुटनों पर रखें और हथेलियां ऊपर की ओर खुला रखें।

हाथ की सबसे छोटी उंगली के सिरे को अंगूठे के सिरे से छुएं।

वहीं बाकी की तीनों उंगलियां सीधी रखें।

इस दौरान आंखें बंद कर लें और सांसों पर फोकस करें।

कुछ देर इस मुद्रा में रहें और फिर सामान्य अवस्था में वापस आ जाएं।

**फायदे**-वरुण मुद्रा करने से शरीर में जल तत्व संतुलित बनी रहती है। इससे स्किन में नमी बनी रहती है और स्किन का रूखापन दूर होता है।

यह आसान स्किन को अंदर से ग्लो देने और हाइड्रेशन के अलावा जवां बनाए रखने में भी सहायता करती है।

यह आसन न सिर्फ स्किन को साफ रखती है, बल्कि बॉडी में पसीने के तौर पर टॉक्सिन्स निकालने में भी सहायता करती है, जिससे स्किन डिटॉक्स होती है।

इस मुद्रा को रोजाना करने से स्किन संबंधी रोग जैसे सोरायसिस, एक्जिमा और ड्राइनेस में फायदा होता है।

## सू-दोकू 92

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.091 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

एक नजर

## जिला जेल में नशीली दवाओं के प्रति किया गया जागरूक



**रायगढ़, 27 जून।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के उपलक्ष्य पर एवं नालसा की डॉन योजना के तहत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ श्री जितेन्द्र कुमार जैन के द्वारा 26 जून को जिला जेल रायगढ़ में एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरूपयोग के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना, अवैध तस्करी के खिलाफ समाज को शिक्षित करना एवं कैदियों को उनके कानूनी अधिकार के बारे में अवगत कराना रहा है। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, जिला जेल रायगढ़ के अधिकारी /कर्मचारी एवं जिला जेल के कैदी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित रहे।

## ट्रक के पीछे से जा घुसी बाइक दो युवकों की मौके पर मौत

**महासमुंद,27 जून।** नेशनल हाइवे 53 पर तेज रफ्तार बाइक चलती ट्रक के पीछे जा भिड़ीण् दर्दनाक हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गईण् हादसा इतना भीषण था कि स्पोर्ट बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मृतकों की फिलहाल पहचान नहीं हो सकी है। हालांकि दोनों आरंग के निवासी बताए जा रहे हैं। हादसा तुमगांव थाना क्षेत्र के शेरे पंजाब होटल के पास हुआ है। जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 10 बजे तुमगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 53 पर शेरे पंजाब ढाबा के पास दो दोस्तों की बाइक गाय को बचाने के चक्कर में चलती ट्रक में पीछे से टकरा गईण् हादसे में आरंग के पटेल चौक निवासी अनुराग पटेल पिता स्व.विजय पटेल उम्र 19 वर्ष और शीतला पारा निवासी युगल निषाद पिता नंदू निषाद उम्र 20 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई।वहीं ड्राइवर ट्रक को लेकर घटनास्थल से फरार हो गया।आरंग से ढाबा जा रहे थे युवक बताया जा रहा है कि अनुराग पटेल तुमगांव क्षेत्र के एक ढाबे में काम करता था। युगल निषाद अपनी बाइक पर अनुराग को आरंग से ढाबा छोड़ने के लिए निकला था। लेकिन वह हादसे का शिकार हो गए। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों के शवों को बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। वहीं मृतकों के परिजनों के साथ पार्षद प्रतिनिधि सूरज सोनकर तुमगांव थाना पहुंचे हैं।

## प्रदेश में एक्सोटिक मागुर और बिग हेड मछलियां प्रतिबंधित

**रायगढ़, 27 जून।** छत्तीसगढ़ शासन के मछली पालन विभाग द्वारा प्रदेश में एक्सोटिक मागुर (क्लेरियस गेरीपिनस) एवं बिग हेड (हाइपोप्थेलमिक्थीस नोबीलीस) मछलियों के मत्स्य बीज उत्पादन, मत्स्य बीज संवर्धन और पालन को प्रतिषिद्ध घोषित किया गया है।सहायक संचालक मछली पालन ने जानकारी देते हुए बताया कि इन प्रतिषिद्ध मछलियों का कोई भी मछुआ, वैयक्तिक, समूह या समिति, केंद्र या राज्य शासन द्वारा मत्स्यों का मत्स्य बीज उत्पादन, शासन अथवा वैयक्तिक जलस्रोत में संवर्धन एवं पालन नहीं करेगा।

### अवैध उत्खनन,परिवहन,भंडारण के खिलाफ कलेक्टर के निर्देश पर

# अवैध परिवहन करते 5 वाहनों एवं भंडारण के 2 मामलों में प्रकरण दर्ज









**रायगढ़, 27 जून।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध परिवहन करते हुए 5 वाहन एवं खनिज रेत के अवैध भण्डारण के 2 मामलों में कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किया गया है। अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों को सुरक्षार्थ हेतु कलेक्ट्रेट परिसर, रायगढ़ में रखा गया है।

उप संचालक खनिज श्री राजेश मालवे ने बताया कि श्री करन अम्बवानी वाहन क्रमांक सीजी 13 बी डी 7564, श्री भुनेश्वर भगत वाहन महिन्द्रा सोल्ड, श्री अनिल एक्का वाहन क्रमांक सीजी 14 एमडी 1958 के द्वारा ट्रेक्टर के माध्यम से रेत तथा श्री सुभाश पटेल वाहन क्रमांक सीजी 13 बीसी 6437 तथा मेसर्स अमन ट्रांसपोर्ट वाहन क्रमांक सीजी 13 एआर 3952 के द्वारा हाईवा में चूना पत्थर का अवैध परिवहन किया जा रहा था।उपरोक्त सभी वाहनों पर खान एवं खनिज (निकास और विनियमयन)अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारों, खनिज परिवहन, उत्खनन, भण्डारणकर्ताओं को भी निर्देशित किया गया है कि बिना वैध दस्तावेज के खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण करना दण्डनीय अपराध है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी के निर्देशन में जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज अमलों द्वारा विशेष अभियान चलाकर आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

## शिविरों में हितग्राहियों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

**महासमुंद, 27 जून ।** राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में महासमुंद जिले में धरती आबा जनजाति उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जागरूकता एवं लाभ शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से राजस्व, आदिवासी विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, खाद्य एवं सामाजिक सुरक्षा, मनरेगा, पंचायत विभाग सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर प्रदान किया जा रहा है। शिविरों में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पात्र हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार लिंकिंग, बैंक खाता खुलवाने, कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु पंजीयन, स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी और आवेदन की सुविधा दी जा रही है।

## स्कूल,कालेज में नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया



**बीजापुर 27 जून ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों एवं बालक बालगृह, बालिका बालगृह, समर्थ दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र बीजापुर एवं जिले के ग्राम पंचायतों में नशा निवारण जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें रैली, निबंध प्रतियोगिता, दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला एवं गीत-संगीत के माध्यम से नियमित रूप से जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही प्रत्येक दिन नशा से दूर रहने हेतु संकल्प भी दिलाया गया।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधीगण, ग्राम पंचायत के सरपंच, उप संचालक समाज कल्याण श्री कमलेश कुमार पटेल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक कार्यकर्ता, फील्ड वर्कर, तथा स्कूल, कॉलेज के शिक्षणगण, एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## शिविर में ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने किया गया प्रेरित



**बीजापुर 27 जून ।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार भारत सरकार के जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत ग्राम पामेड़ में आबा धरती शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 08 ग्राम पंचायतों के 26 ग्रामों के ग्रामीण उपस्थित रहे। शिविर का शुभारंभ सरपंच श्रीमती चेरपा सावित्री एवं जारपल्ली के सरपंच श्री मनोज कारम, श्री नेतराम ठाकुर विकास विस्तार अधिकारी, श्री रविकांत गटटू बी.पी.एम. उसूर, पी.आर.पी., सचिव सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर किया गया। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा आबा धरती कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए ग्रामीणों को विभिन्न विभागों के शासकीय योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया गया। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, खाद्य विभाग सहित सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्रता के मापदण्ड बताया गया। शिविर में 85 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण, 07 आधार कार्ड, 60 नया राशन कार्ड एवं 124 मतदाता परीचय पत्र का आवेदन प्राप्त हुआ, 20 आयुष्मान कार्ड बनाया गया, जनधन योजना के 33 फॉर्म भराया गया तथा इंडियन पोस्टल बैंक के द्वारा 03 ग्रामिणों का खाता खोला आदि कार्य किया गया। शिविर में सभी विभागों के मैदानी कर्मचारी सहित सरपंचगण, ग्राम पंचायत सचिव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रेडक्रॉस के आयोजित शिविर में 430 लोगों ने किया रक्तदान




**रायगढ़, 27 जून।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.अनिल कुमार जगत, श्री मुकेश शर्मा, चेयरमेन, डॉ. एच.एस. उरांव, प्रभारी अधिकारी, श्री संतोष अग्रवाल, राज्य प्रबंध समिति सदस्य के मार्गदर्शन में 24 जून को अदानी कोल माइन्स गारे पेलमा सर्विस बिल्डिंग मिलूपारा तमनार, अम्बूजा सीमेन्ट लिमिटेड गारे पेलमा कोल माइन्स के बैचलर हॉस्टल खम्हरिया तमनार में तथा अदानी पावर लिमिटेड, छोटे भण्डार एवं अदानी प्रोजेक्ट लिमिटेड छोटे भण्डार, तहसील पुसौर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां कंपनियों में कार्यरत 430 लोगों रक्तदान किया।

इस दौरान अम्बूजा सीमेन्ट लिमिटेड में 50 यूनिट, अदानी कोल माइन्स गारे पेलमा में 140 यूनिट, अदानी पावर लिमिटेड में 77 यूनिट, अदानी प्रोजेक्ट लिमिटेड में 163 यूनिट यूनिट रक्तदान किया गया। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 430 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो रक्तदाताओं के उत्साह और सहयोग को दर्शाती है। इस शिविर का उद्देश्य रक्त दान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंदों की मदद करना था।

शिविर को सफल बनाने में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के कर्मचारियों, किरोड़ीमल जिला चिकित्सालय के चिकित्सकीय दल एवं संत बाबा गुरू घासीदास जी स्मृति चिकित्सालय रायगढ़ के चिकित्सकीय दल का विशेष योगदान रहा।

## आयुष स्वास्थ्य मेला में 510 रोगियों का नि:शुल्क उपचार

**रायगढ़, 27 जून।** आयुक्त आयुष संचालनालय रायपुर छ.ग.के आदेशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ.गौराहा के मार्गदर्शन में डॉ.अजय नायक के नेतृत्व में पुसौर विकास खंड के टिनमिनि में विकास खण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री मोहित सतपति, श्री त्रिनाथ गुप्ता, श्री विजय गुप्ता, श्री घनश्याम पटेल, सरपंच श्रीमती कुंती भोई एवं अन्य जन प्रतिनिधियों ने भगवान धनवंतरी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किये। मौके पर आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. देवाशीश चौधरी आयुष विभाग द्वारा आयोजित मेले का उद्देश्य बताये हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति तक आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का लाभ मिल सके। आम जनता को पुराने बीमारी से निजात दिलाने के लिए आयुर्वेद में स्नेहंन, स्वेदन, वमन, विरेचन, जानु बस्ती, कटी बस्ती, रक्त मोक्षणं, अग्निकर्म, जालौका, जैसे विधा का उपयोग किया जा रहा है। सभी आयुर्वेद संस्थानों में आयुर्वेद द्वारा विभिन्न कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसका लाभ जरूरत मंद लोग बड़ी सुगमता से ले रहे हैं। मेले में ज्यादातर संधिवात, आमवात, चर्मरोग, ज्वर, कास, श्वास, प्रतिश्याय, उदररोग, दौरबल्य, अनिद्रा, उच्चरक्तचाप, मधुमेह, अर्श, स्त्रीरोग इत्यादि के रोगी पाए गए।




शिविर में लोगों को जागरूक करने हेतु सात प्रकार के पंपलेट वितरण किये गए। जिसमें

## जिले के 241 कारोबारियों ने खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त किया

**महासमुंद 27 जून।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन के आदेशानुसार एवं कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता पर आधारित खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रशिक्षण प्रदान किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम अभिहित अधिकारी सह अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद के मार्गदर्शन में तथा श्री शंखनाद भोई, खाद्य सुरक्षा अधिकारी की उपस्थिति में आयोजित हुआ, जयदीप बसु के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जिले के सभी खाद्य कारोबारियों (किराना व्यवसायी, होटल संचालक, गुमठी/ठेला संचालक, फल विक्रेता आदि) को सुरक्षित एवं स्वच्छ खाद्य संचालन की जानकारी देना था।

## माटवाड़ा शिविर में दी गई विभिन्न योजनाओं की सौगात

**बीजापुर 27 जून ।** बीजापुर जिले के अंतर्गत भैरमगढ़ तहसील के माटवाड़ा ग्राम पंचायत में आयोजित विकास शिविर में बारिश के बावजूद भी ग्रामीणों में त्साह देखने को मिला। प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं का लाभ कई लोगों को प्रदान किया गया। शिविर में आयुष्मान भारत योजना के तहत 10 नए और 30 पुराने आयुष्मान कार्डों का वितरण किया गया। इसके अलावा, 3 जाति प्रमाण पत्र और 3 निवास प्रमाण पत्र भी जारी किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से 45 लोगों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं 21 लोगों का सिकल सेल एनीमिया टेस्ट भी किया गया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत तीन महिलाओं को आर्थिक लाभ प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तीन महिला स्व सहायता समूहों को कुल 9.00 लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया, जिससे समूहों को आजीविका के नए अवसर मिलेंगे। एक आंगनबाड़ी केंद्र को पोषण वाटिका योजना के तहत लाभान्वित किया गया, जिससे स्थानीय स्तर पर पोषण युक्त आहार उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

# राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर-जूटमिल को मिले 92.84 प्रतिशत अंक



रायगढ़, 27 जून। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गांधीनगर-जूटमिल, रायगढ़ ने गुणवत्ता सेवा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। भारत सरकार की राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम (एनक्यूएएस) के तहत 9 और 10 मई 2025 को दो दिवसीय निरीक्षण के बाद अस्पताल को 92.84 प्रतिशत का उत्कृष्ट स्कोर प्राप्त हुआ है।

एनक्यूएएस के चार चरणों वाले मूल्यांकन प्रक्रिया में अंतिम चरण में भारत सरकार की ओर से नामित विशेषज्ञों की टीम-डॉ.सुरेन्द्रनाथ ऐन्डी एवं श्रीमती लक्ष्मीप्रिया मिश्रा द्वारा विभिन्न सेवाओं की गुणवत्ता, मरीज संतुष्टि और मानक अनुरूप व्यवस्था का परीक्षण किया गया। निरीक्षण में 12 विभागों जैसे सामान्य चिकित्सा, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, आपातकालीन सेवाएं, फार्मेसी, प्रयोगशाला, आउटरीच सेवाएं, प्रशासन आदि का गहन मूल्यांकन किया गया।मूल्यांकन के प्रमुख बिंदुओं में इन्फ्रास्ट्रक्चर, हाइजीन, संसाधनों की उपलब्धता, क्लिनिकल सेवाएं, सपोर्ट सर्विसेस, संक्रमण नियंत्रण, रिपोर्टिंग व्यवस्था और मरीजों के अधिकार शामिल रहे। इन मापदंडों पर संस्थान ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए उच्च स्कोर अर्जित किया।इस उपलब्धि पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. जी.एस.पैंकरा, चिकित्सा अधिकारी डॉ.अनु पटेल, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.सोनाली मेश्राम, आरएमएनसीएच सलाहकार डॉ.राजेश मिश्रा सहित जिला स्वास्थ्य टीम ने संस्थान की टीम को बधाई दी एवं भविष्य में भी गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने का आह्वान किया।

## बांग्लादेशी संदिग्ध की पहचान पर तुरंत टोल फ्री नम्बर पर सूचना दें

**बीजापुर 27 जून ।** छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान हेतु उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देश पर पुलिस विभाग द्वारा टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1800-233-1905 जारी किया गया है, जो 24 घंटे और सप्ताह के सभी दिनों में सक्रिय रहेगा। इस हेल्पलाइन के माध्यम से राज्य का कोई भी नागरिक, अपने क्षेत्र में मौजूद संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों अथवा उनकी गतिविधियों के संबंध में सूचना सीधे पुलिस प्रशासन को दे सकता है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, ताकि लोग बिना किसी भय के राष्ट्रहित में सहयोग कर सकें। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि देश की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार राज्य को घुसपैठियों और अवैध गतिविधियों से मुक्त रखने के लिए प्रतिबद्ध है। जब तक ऐसी ताकतों को जड़ से नहीं उखाड़ा जाएगा, तब तक हमारे नागरिकों की सुरक्षा और शांति खतरे में रहेगी। यह हेल्पलाइन आम जनता को एक सीधा, सुरक्षित और प्रभावी माध्यम प्रदान करती है जिससे वे देशहित में अपनी भागीदारी निभा सकें। राज्य में अवैध बांग्लादेशी नागरिको की सूचना पर पूरी ताकत के साथ जांच और पहचान कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए हैं कि वे इस हेल्पलाइन पर प्राप्त हर सूचना को गंभीरता से लें, आवश्यक सतर्कता बरतें और जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई करें।साथ ही इस अभियान को लेकर आम नागरिकों में जागरूकता फैलाने हेतु प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए गए हैं। पुलिस विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि घुसपैठ के मामलों की पुष्टि के लिए प्राप्त सूचनाओं की सत्यता की पूर्ण जांच की जाएगी ताकि निर्दोष लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।



## खाद्य व जीएसटी टीम ने गुटखा फैक्ट्री को किया सील



**दुर्ग, 27 जून।** दुर्ग जिले के ग्राम गनियारी स्थित गुटखा फैक्ट्री में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग व जीएसटी की टीम जांच के लिए पहुंची इस दौरान टीम सदस्य फैक्टी संचालक का करीब चार घंटे तक इंतजार किए, लेकिन संचालक नहीं पहुंचे इस कारण फैक्टी को सील कर दिया गया अब अधिकारियों की टीम को जांच के लिए फिर पहुंचेगी ग्राम गनियारी में अवैध गुटखा फैक्ट्री संचालित होने की शिकायत प्रशासन को मिली थी इस पर गुरुवार दोपहर बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा जीएसटी की टीम वहां पहुंची इस दौरान फैक्ट्री में तांला लगा हुआ था फैक्टी संचालक के संबंध में पतासाजी कर अधिकारियों ने उसे मौके पर उपस्थित होने कहा। लेकिन फैक्ट्री संचालक देर शाम तक पहुंचा ही नहीं इस दौरान मौजूद ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि इस फैक्ट्री का संचालन बिना लाइसेंस किया जा रहा है फैक्ट्री करीब चार पांच माह से चल रही है उल्लेखनीय है कि करीब 15 दिन पहले टीम ने दुर्ग जिले के ग्राम कोनारी स्थित एक गुटखा फैक्ट्री में छापामार लाखों रुयपे से सुपाड़ी व अन्य सामान की जब्ती बनाई थी वह फैक्ट्री भी बिना लाइसेंस के चल रही थी।

## छग श्रमजीवी पत्रकार संघ की पत्रिका का विधायक ने किया विमोचन



**खरसिया, 27 जून।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार की पत्रिका दूरभाष निदेशिका स्मारिका 2025 का विमोचन साहू समाज के पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष छाया विधायक महेश साहू के कर कमलों और छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ खरसिया के अध्यक्ष प्रहलाद बंसल की अध्यक्षता और अतिथि मनोज राठौर, मोहन गबेल, नूतन पटेल, अजय बंसल, मोहन केवट, लक्ष्मी पटेल, एवं खरसिया क्षेत्र के पत्रकारों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेश साहू ने कहा कि खरसिया के पत्रकारों ने हमेशा मेरा हौसला बढ़ाया है मेरे प्रति हमेशा सम्मान का भाव रखते हुए सकारात्मक राजनीति करने और जन सेवा करने की राह दिखाई है आज इस स्मारिका विमोचन कार्यक्रम में बुलवाए जाने पर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं और सभी वरिष्ठ और सम्माननीय पत्रकार बंधुओ का दिल से आभार करते हुए उन्हें प्रणाम करता हूं मुझे आशा एवं विश्वास है कि यह दूरभाष निर्देशिका एवं स्मारिका सर्व संबंधितों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी श्रमजीवी पत्रकार संघ की निरंतर प्रगति और पत्रिका के प्रकाशन के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी जिला अध्यक्ष मनमोहन सिंग के मार्गदर्शन उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका सफल संचालन रामनारायण संटी सोनी द्वारा किया गया, इस अवसर पर प्रहलाद बंसल प्रेस क्लब यूनिटी के अध्यक्ष कैलाश गर्ग सचिव कैलाश शर्मा प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजय बंसल सचिव सुनील अग्रवाल वरिष्ठ पत्रकार अमर अग्रवाल, जगदीश मित्तल, राघवेंद्र वैष्णव, मनीष अग्रवाल, धीरज राठौर, अमित साहू, पूजा जायसवाल, हेमलाल कुर्रे की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ कार्यक्रम के अंत में स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।

# स्वरोजगार संबंधी लोन प्रकरण किसी भी बैंक से न हो वापस,रखें ध्यान:कलेक्टर




**रायगढ़, 27 जून।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं पुनरीक्षण समिति की बैठक ली। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेंद्र यादव भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने सभी बैंकों को निर्देशित किया कि स्वरोजगार से संबंधित कोई भी छोटे लोन प्रकरण किसी भी बैंक से दस्तावेज कमी के कारण वापस नहीं होने चाहिए, दस्तावेज कमी होने पर हितग्राहियों को जानकारी देने के साथ ही संबंधित विभाग को सूचित करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि बैंक में प्रकरण जाने से पूर्व दस्तावेज पूर्ण हो यह विभाग के जमीनी स्तर के अधिकारियों का जिम्मा है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए कि अधिक से अधिक लोन वितरित कर लोगों को स्वरोजगार से जोड़े। उन्होंने मुद्रा लोन में हितग्राहियों की संख्या को बढ़ाने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने बैंकवार लक्ष्य की समीक्षा करते हुए लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान एलडीएम श्री कमल किशोर सिंह ने बताया कि बैंकों द्वारा कैम्प लगाकर लोगों को हितग्राही मूलक योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। जिस पर कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि बैंक इसमें स्थान चयन कर बुजुर्ग व्यक्तियों को फोकस करें, ताकि जो बुजुर्ग घर से बैंक नहीं जा सकते उन्हें बैंक में संचालित योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके साथ विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह को योजनाओं का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि क्रेडिट लिंकेज शासन की महत्वपूर्ण योजना के साथ प्राथमिकता रही है। उनको क्रेडिट देकर लोगों को स्वरोजगार प्रदान करें।कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने प्राथमिकता क्षेत्र की उपलब्धि, कमजोर वर्ग को ऋण, महिलाओं को ऋण, अल्पसंख्यक वर्ग को ऋण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, खादी ग्रामोद्योग, जिला व्यापार एवं उद्योग, अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना, किसान क्रेडिट कार्ड जैसे विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने अंत्योदय स्वरोजगार योजना के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बैंकवार केसीसी प्रकरण की समीक्षा की। उन्होंने कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा बनाए गए केसीसी प्रकरण की अद्यतन प्रगति एवं बैंकों में लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने केसीसी के कम वितरण एवं लंबित प्रकरणों पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि विभिन्न बैंकों में केसीसी प्रकरण लंबित है, उन्हें प्राथमिकता से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैंकों एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि केसीसी एवं अन्य लोन प्रकरण में बैंक के अधिकारियों के फील्ड विजिट के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी साथ में उपस्थित रहे, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने अंत्योदय स्वरोजगार एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना में अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नाबार्ड के कार्ययोजना एवं लक्षित हितग्राहियों की जानकारी लेते हुए विभागीय अधिकारियों से समन्वय कर योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बैंकवार पीएम सूर्य के लक्ष्य की जानकारी भी ली। इस अवसर आरबीआई से श्री नवीन तिवारी, एलडीएम श्री कमल किशोर सिंह सहित विभागीय अधिकारी एवं बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### आर्थिक सुरक्षा के लिए करवाएं बीमा

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा जैसे विभिन्न बीमा योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोगों को बीमा के लिए प्रोत्साहित करें।

## नशा एक व्यक्ति को नहीं पूरे समाज को करता है खोखला:महापौर

**रायगढ़, 27 जून।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के उपलक्ष्य में महापौर श्री जीवर्धन चौहान के मुख्य आतिथ्य में समाज कल्याण विभाग द्वारा रायगढ़ के कौहाकुंडा में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभापति नगर निगम श्री डिग्री लाल साहू एवं वार्ड पार्षद श्रीमती श्वेता संदीप क्षत्रिय, उप पुलिस अधीक्षक श्री सुशांतो बनर्जी एवं डॉ.विवेक उपाध्याय उपस्थित रहे।महापौर श्री जीवर्धन चौहान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नशा से होने वाली दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के साथ-साथ समाज को भी खोखला करता है, इसे जड़ से समाप्त करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से नशा ना करने की अपील करते हुए नशामुक्त जनजागरूकता अभियान में स्वयं शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कहा। सभापति श्री डिग्री लाल साहू ने कहा कि नशा समाज के लिए घातक है। नशा नाश का जड़ है।

## एक नजर

### दूसरे टेस्ट से पहले जोफ्रा आर्चर इंग्लैंड टीम में शामिल



लंदन, 27 जून (एजेंसी)। ईबीसी ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किया है। इंग्लिश बोर्ड ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी। बोर्ड ने – पोस्ट में लिखा– 'जोफ्रा आर्चर इज बैक।' 30 साल के आर्चर को 4 दिन पहले 22 जून को फिटनेस टेस्ट के लिए काउंटी मैच के लिए ससेक्स टीम में चुना गया था। इस मैच में आर्चर ने 18 ओवर गेंदबाजी की। उन्होंने 32 रन देकर एक विकेट भी हासिल किया। आर्चर ने 4 साल पहले फरवरी 2021 में आखिरी टेस्ट मैच खेला था।

### क्रिकेटर रिंकू सिंह यूपी में बनेंगे अफसर स्पोर्ट्स डायरेक्टर ने फाइल सरकार को भेजी



अलीगढ़, 27 जून (एजेंसी)। इंडियन टीम के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह जल्द यूपी में शिक्षा विभाग के अधिकारी बनेंगे। उन्हें स्पोर्ट्स कोटे में नौकरी मिलेगी। खेल विभाग ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) के पद पर नियुक्त किए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। सीएम योगी की तरफसे प्रस्ताव को जल्द मंजूर किए जाने की उम्मीद है। वित्त विभाग और बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने प्रस्ताव की पुष्टि की है। हालांकि खेल मंत्री गिरीश यादव को इस प्रस्ताव की कोई जानकारी नहीं है। 'दैनिक भास्कर' से बातचीत में खेल मंत्री ने कहा, ऐसा कोई प्रस्ताव उनकी जानकारी में नहीं है। वहीं, खेल विभाग के डायरेक्टर आरपी सिंह का कहना है कि प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

### कोलंबो टेस्ट-श्रीलंका ने बांग्लादेश पर 43 रन की बढ़त बनाई

कोलंबो, 27 जून (एजेंसी)। श्रीलंका ने टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में बांग्लादेश के खिलाफ43 रनों की बढ़त हासिल कर ली है। टीम ने गुरुवार को दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट खोकर 290 रन बना लिए। ओपनर पथुम निसंका 146 और प्रबथ जयसूर्या 5 रन पर नाबाद हैं। लहिरू उदरा 40 और दिनेश चंडीमल 93 रन पर बनाकर आउट हो चुके हैं। बांग्लादेश के तैजुल इस्लाम और नईम हसन एक-एक विकेट ले चुके हैं। इससे पहले बांग्लादेशी टीम पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गई। बांग्लादेश ने 220/8 के स्कोर से खेलना शुरू किया था और आखिरी दो विकेट 27 रन बनाने में गंवा दिए। 8 रन से पारी शुरू करने वाले तैजुल इस्लाम 33 रन बनाकर आउट हुए। श्रीलंका से असिथा फर्नांडो और सोनल दिनुषा ने 3-3 विकेट झटके। विश्वा फर्नांडो को 2 विकेट मिले। पहले सेशन में बांग्लादेश को 247 रन पर ऑलआउट करने के बाद श्रीलंकाई टीम ने मजबूत शुरुआत की। पथुम निसंका और लहिरू उदारा की जोड़ी ने लंच ब्रेक तक फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली थी। यहां टीम का स्कोर 83/0 रहा। श्रीलंकाई ओपनर्स की साझेदारी को तैजुल इस्लाम ने तोड़ा। उन्होंने लहिरू उदारा को 40 रन के स्कोर पर एलबीडब्ल्यू कर दिया। निसंका और उदारा ने पहले विकेट के लिए 88 रन जोड़े। 88 रन पर पहला विकेट गंवाने के बाद पथुम निसंका ने दिनेश चंडीमल के साथ शतकीय साझेदारी करके श्रीलंकाई टीम को टी-ब्रेक तक मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। उन्होंने चंडीमल के साथ मिलकर 311 बॉल पर 194 रन बनाए। चंडीमल 93 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नईम हसन ने लिटन दास के हाथों कैच कराया।

# आईसीसी ने क्रिकेट के 6 नियमों में बदलाव किए

## टेस्ट में 60 सेकेंड में ओवर शुरू करना होगा, दो वॉर्निंग के बाद 5 रन कटेंगे

**लंदन, 27 जून (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने हाल ही में पुरुष क्रिकेट के 6 नियम बदले हैं, ताकि खेल को ज्यादा तेज, निष्पक्ष और रोचक बनाया जा सके। टेस्ट क्रिकेट में ये नियम नई वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (2025-27) के लिए लागू हो चुके हैं। वहीं, सीमित ओवर (वनडे और टी-20) फॉर्मेट में ये नियम 2 जुलाई 2025 से प्रभावी होंगे। आईसीसी ने सभी देशों से नियमों में किए गए बदलावों की जानकारी साझा की है।

पावरप्ले के नए नियमों के अनुसार 5 ओवर के मैच में 1.3 ओवर पावरप्ले होंगे। 6 ओवर के मैच में 1.5 ओवर पावरप्ले होंगे। 7 ओवर के मैच में 2.1 ओवर पावरप्ले होंगे। 8 ओवर के मैच में 2.2 ओवर पावरप्ले होंगे। 9 ओवर के मैच में 2.4 ओवर पावरप्ले होंगे। 10 ओवर के मैच में 3 ओवर पावरप्ले होंगे। 11 ओवर के मैच में 3.2 ओवर पावरप्ले होंगे। 12 ओवर के मैच में 3.4 ओवर पावरप्ले होंगे। 13 ओवर के मैच में 3.5 ओवर पावरप्ले होंगे। 14 ओवर के मैच में 4.1 ओवर पावरप्ले होंगे। 15 ओवर के मैच में 4.3 ओवर पावरप्ले होंगे। 16 ओवर के मैच में 4.5 ओवर पावरप्ले होंगे। पावरप्ले के दौरान केवल दो फील्डर 30 गज के दायरे से बाहर रह सकते हैं। ये नियम छोटे टी-20 मैचों को और स्पष्ट और निष्पक्ष बनाने के लिए लागू किए गए हैं।

### ये नियम नए बनाए गए

1. **टेस्ट क्रिकेट में स्टॉप क्लॉक नियम:** ICC ने टेस्ट क्रिकेट में अब स्टॉप क्लॉक नियम लागू करने का फैसला किया है। इसके तहत फील्डिंग टीम ओवर शुरू करने में 60 सेकेंड से अधिक देर करती है तो उसे दो बार वॉर्निंग दी जाएगी। इसके बाद भी अगर यह नियम टूटा तो पेनाल्टी के तौर पर उसके 5 रन काट लिए जाएंगे। टी-20 और वनडे क्रिकेट में यह नियम एक साल पहले ही लागू हो चुका है।
2. **शॉर्ट रन पर जुर्माना:** ICC ने तीनों फॉर्मेट के लिए शॉर्ट रन का नियम भी बदला है। जानबूझकर शॉर्ट रन लेने पर पहले 5 रन का जुर्माना लगता था। अब अगर बल्लेबाज एक्स्ट्रा रन चुराने के लिए जानबूझकर रन पूरा नहीं करता तो अंपायर फील्डिंग टीम से पूछेंगे कि वे पिच पर मौजूद दोनों में से किस बल्लेबाज को स्ट्राइक पर चाहते हैं। 5 रन के जुर्माना वाला नियम भी लागू रहेगा।
3. **गलती से सलाइवा लगाई तो गेंद नहीं बदलेगी:** गेंद पर सलाइवा (लार) लगाने पर बैन जारी रहेगा। हालांकि, गलती से सलाइवा लगाने पर बॉल बदलना अनिवार्य नहीं होगा।




अंपायर सिर्फ तभी गेंद बदलेंगे, जब उसकी स्थिति में भारी बदलाव हो, जैसे कि गेंद बहुत गीली हो या उसमें एक्स्ट्रा चमक हो। यह फैसला अंपायर के विवेक पर निर्भर होगा। अगर उसे लगता है कि गेंद की स्थिति में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है तो इसे नहीं बदला जाएगा। यह नियम भी तीनों फॉर्मेट के लिए है। ICC ने कोरोना काल (2020) के दौरान गेंद पर लार लगाने को बैन कर दिया था।

4. **कैच रिव्यू में LBW की भी जांच होगी:** ICC ने कैच का नियम भी बदला है। अगर कैच आउट रीव्यू में गलत साबित होता है, लेकिन गेंद पैड पर लगी हो तो टीवी अंपायर LBW की भी जांच करेंगे। अगर बैटर LBW आउट है तो उसे आउट दे दिया जाएगा। यह नियम भी तीनों फॉर्मेट के लिए है।
5. **नोबॉल पर कैच:** सॉफ्ट सिग्नल (अंपायर का लिया रिव्यू) लिया गया है और नो बॉल पर कैच पर सही है तो बल्लेबाजी टीम को नो-बॉल का एक रन एक्स्ट्रा मिलेगा। कैच सही नहीं है तो नो बॉल का एक रन और दौड़कर बनाए गए रन भी मिलेंगे। पहले कैच के डाउट होने पर फील्ड अंपायर थर्ड अंपायर को रैफर करता था और टीवी अंपायर बताता था कि ये नो बॉल थी, तो कैच की जांच नहीं होती थी। लेकिन अब उसकी जांच की जाएगी। यह नियम भी तीनों फॉर्मेट के लिए है।
6. **ICC ने टी-20 मैचों के लिए नए पावरप्ले नियम बनाए :** ICC ने टी-20 मैचों के लिए नए पावरप्ले नियमों में बदलाव किए हैं। नए नियम जुलाई से लागू होंगे और इनमें यह स्पष्ट किया गया है कि अगर बारिश या किसी अन्य वजह से मैच के ओवर कम किए गए हैं तो पावरप्ले के ओवर भी उसी आधार पर कम कर दिए जाएंगे।

### हाल ही में 2 नियम और बदले गए थे

1. **वनडे में 35 ओवर के बाद बॉल बदलेगी :** ICC ने वनडे क्रिकेट में 35वें ओवर के बाद एक ही नई गेंद के इस्तेमाल की इजाजत दे दी है। इससे अब डेथ ओवर्स में तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकेगी।

2. **बाउंड्री पर कैच पकड़ने के नियमों में बदलाव को मंजूरी:** मेरीलेबोन क्रिकेट क्लब (MCC) ने बाउंड्री पर कैच पकड़ने के नियमों में बदलाव की सिफारिश की थी। ये बाउंड्री से बाहर जाकर बॉल उछालने पर लिए जाने वाले कैच से संबंधित था। यह बदलाव MCC अक्टूबर 2026 से शामिल करेगा। ICC ने इसे मंजूरी दे दी है। यह 17 जून से श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच होने वाले टेस्ट से लागू हो चुका है।

# लवलीना और निखत तेलंगाना में एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में लेंगी हिस्सा



**नई दिल्ली, 27 जून (एजेंसी)।** निखत जरीन और लवलीना बोरगोहेन और पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो, 27 जून से एक जुलाई तक तेलंगाना के सरूरनगर इंडोर स्टेडियम में खेले जाने वाले एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली शीर्ष भारतीय महिला मुक्केबाजों में शामिल होंगी।

दो बार की विश्व चैंपियन निखत जरीन, ओलंपिक खेल टोक्यो 2020 की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो, 27 जून से 1 जुलाई तक तेलंगाना के सरूरनगर इंडोर स्टेडियम में खेले जाने वाले एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में गौरव और राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली शीर्ष भारतीय महिला मुक्केबाजों में शामिल होंगी।

इस प्रतियोगिता में उल्लेखनीय नामों में विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा मौन, ओलंपियन प्रीति, विश्व युवा चैंपियन अरुंधति चौधरी और 100 से अधिक अन्य शीर्ष दावेदार शामिल हैं। मुक्केबाज दस भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेंगी । प्रत्येक में स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को पटियाला में एलीट राष्ट्रीय शिविर में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

# आईओसी ने 2036 ओलिंपिक की बिडिंग प्रोसेस रोकी

### प्रेसीडेंट ने कहा- मेजबान चुनने का सही समय नहीं, भारत ने 8 महीने पहले दावेदारी पेश की थी



**नई दिल्ली, 27 जून (एजेंसी)।** भारत 2036 में ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए अहमदाबाद में मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जा रहा है।

इंटरनेशनल ओलिंपिक काउंसिल (IOC) ने 2036 ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की बिडिंग प्रोसेस पर रोक लगा दी है। इससे गेम्स के लिए भारत की मेजबानी पर फैसला टल गया है।

IOC की प्रेसिडेंट क्रिस्टी कॉवेंट्री ने गुरुवार, 26 जून को कहा- 'एग्जीक्यूटिव बोर्ड के सभी सदस्यों ने इस प्रोसेस को रोकने और इसकी समीक्षा करने का फैसला लिया है। हम इस पर दोबारा विचार करने के लिए एक कार्य समूह गठित करेंगे।' 41 साल की क्रिस्टी लुसाने में एग्जीक्यूटिव बोर्ड की पहली बैठक ली।

पिछले साल एक अक्टूबर को भारत सरकार ने एक अक्टूबर को लेटर ऑफ इंटेंट के जरिए IOC से गेम्स का आयोजन कराने की इच्छा जाहिर की थी। इस पर अगले साल तक फैसला होने की उम्मीद की जा रही थी। अब तक 2 एशियाड, एक कॉमनवेल्थ गेम्स करा चुका है भारत भारत अब तक 3 मल्टी स्पोर्ट्स गेम्स की मेजबानी कर चुका है। देश ने आखिरी बार 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी। इससे पहले भारत में 1982 और 1951 के एशियन गेम्स भी कराए जा चुके हैं।



### कौन है क्रिस्टी कॉवेंट्री

इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी (IOC) की प्रेसिडेंट हैं। उन्हें 23 जून, 2025 को IOC प्रेसिडेंट चुना गया था। वे इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला और पहली अफ्रीकी हैं। उन्होंने थॉमस बाक की जगह ली। उनका कार्यकाल 8 साल का है।क्रिस्टी कॉवेंट्री दुनिया की सर्वश्रेष्ठ बैकस्ट्रोक स्विमर (जिसमें तैराक अपनी पीठ के बल पानी में तैरना) में से हैं। उन्होंने 5 ओलिंपिक गेम्स (2000, 2004, 2008, 2012, और 2016) में हिस्सा लिया और कुल 7 मेडल जीते।

## ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज मैच में बवाल...

# थर्ड अंपायर ने दिए 5 गलत फैसले, कोच सैमी का फूटा गुस्सा

**केंसिंग्टन, 27 जून (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में खेला जा रहा है. इस मुकाबले में दो दिन का खेल पूरा हो चुका है. इन दो दिनों के खेल में कुल 24 विकेट गिरे हैं. इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए. फिर मेजबान वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 190 रनों पर सिमटी. पहली पारी के आधार पर वेस्टइंडीज को 10 रनों की लीड मिली. इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दूसरे दिन (26 जून) स्टम्प तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 92 रन बनाए.

इस मुकाबले में तीसरे अंपायर एड्रियन होलस्टॉक (साउथ अफ्रीका) के दिए गए फैसलों पर विवाद देखने को मिला है. होल्डस्टॉक ने इस मुकाबले में 5 ऐसे निर्णय दिए हैं, जो संदेह के घेरे में हैं. इनमें से चार फैसले तो वेस्टइंडीज के खिलाफ रहे. विवादास्पद फैसलों को लेकर वेस्टइंडीज के हेड कोच डेरेन सैमी भी आगबबूला हो गए हैं. सैमी ने होल्डस्टॉक की आलोचना की है.

ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 46वें ओवर में हुआ. उस ओवर में शमर जोसेफकी एक गेंद ट्रेविस हेड के बल्ले से लगकर विकेटकीपर शाई होप के हाथों में गई. फिर मैदानी अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक के पास ये पता करने गए कि कैच सही से लपका गया है या नहीं.

अगला वाकया तब हुआ, जब वेस्टइंडीज की टीम बल्लेबाजी कर रही थी. 21वें ओवर में जोश हेजलवुड की एक गेंद पर वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेज पूरी तरह बीट हुए और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने एबीडब्ल्यू की अपील की. हालांकि मैदानी अंपायर ने नॉटआउट का फैसला सुनाया.

रोस्टन चेज आखिरकार तीसरे अंपायर के विवादास्पद निर्णय का शिकार हो ही गए. 50वें ओवर में पैट कमिंस की दूसरी गेंद पर ऑन-फील्ड अंपायर ने चेज को एलबीडब्ल्यू आउट दे दिया. चेज ने तुरंत रिव्यू लिया.

वेस्टइंडीज की पारी के 58वें ओवर में शाई होप के विकेट पर सबसे ज्यादा विवाद हो रहा है. उस ओवर में ब्यू वेबस्टर की तीसरी गेंद होप के बल्ले से लगकर विकेटकीपर एलेक्स कैरी के पास गई. कैरी ने कैच तो ले लिया था, लेकिन रिप्ले में दिखा कि कैच के समय गेंद जमीन से टच कर रही थी.

फिर ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में कैमरन ग्रीन भी अंपायर के एक विवादित फैसले के चलते आउट होने से बच गए. 25वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स की दूसरी गेंद कैमरन ग्रीन के पैड से टकराई. वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों ने LBW की अपील की, लेकिन मैदानी अंपायर ने नॉटआउट दिया।




### डेरेन सैमी ने विवादित फैसलों पर क्या कहा?

डेरेन सैमी ने दूसरे दिन के खेल की समाप्ति के बाद कहा, 'आप नहीं चाहते कि किसी अंपायर को लेकर मन में संदेह हो. लेकिन जब बार-बार एक जैसी गलतियां हों, तो सवाल उठेंगे. क्या इस टीम के खिलाफ कुछ है? मुझे पता है कि वह सीरीज के लिए यहां पर हैं. वैसे भी आप अंपायरों पर भरोसा किए बिना मैच में नहीं उतरना चाहेंगे. और हमारी टीम ऐसी नहीं है. इसलिए हम निर्णयों के बारे में कुछ स्पष्टता चाहते हैं. हमने कैच छोड़े हैं और इसके चलते खुद को नुकसान पहुंचाया है. लेकिन इन गलत फैसलों के बावजूद भी हम इस टेस्ट मैच में जीत की स्थिति में हैं.'

## व्यापार

### पोको एफ-7 लॉन्च: बड़ी बैटरी और दमदार परफॉर्मेंस के साथ नया स्मार्टफोन




नई दिल्ली, 27 जून (एजेंसी)। भारत का प्रमुख कंज्यूमर टेक ब्रांड पोको अपनी मशहूर स्न-सीरीज में नया स्मार्टफोन पोको F7 लेकर आया है। टेक प्रेमियों और हमेशा दौड़-भाग में लगे यूज़र्स को ध्यान में रखकर तैयार किया गया यह फोन दमदार परफॉर्मेंस, आकर्षक डिज़ाइन और शक्तिशाली बैटरी को एक पतली, स्टाइलिश बॉडी में पेश करता है। पोको F7 में 7550mAh की भारत की सबसे बड़ी बैटरी दी गई है, जिसमें सिलिकॉन कार्बन तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जो ऊर्जा की क्षमता और दीर्घकालिक परफॉर्मेंस को बेहतर बनाती है। यह बैटरी 90W टर्बो चार्जिंग और 22.5W रिवर्स चार्जिंग को सपोर्ट करती है, जिससे यूज़र्स पूरे दिन और उससे भी अधिक समय तक स्मार्टफोन का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह सब महज 7.99mm पतली बॉडी में समाया है, जिससे यह भारत का सबसे पतला फोन बन गया है, जिसमें इतनी बड़ी बैटरी दी गई हो। F7 की कीमत 29,999 रुपये रखी गई है।

# सिर्फ रजिस्ट्री होने से आपकी नहीं हो जाएगी प्रॉपर्टी

**नई दिल्ली, 27 जून (एजेंसी)।** सिर्फ रजिस्ट्री हो जाने से प्रॉपर्टी आपकी नहीं हो जाती है। आपको पिछली सेल डीड जरूर देखनी चाहिए और चेन डीड से पता करें कि पहले वह प्रॉपर्टी लीगल तरीके से खरीदी गई थी या नहीं।

प्रॉपर्टी खरीदते समय यह पता कर लें कि इससे पहले वह प्रॉपर्टी किस-किस के पास थी।

घर, फ्लैट या प्लॉट खरीदते समय बहुत सी चीजों का ध्यान रखना जरूरी होता है। सिर्फरजिस्ट्री करा लेने से प्रॉपर्टी आपकी नहीं हो जाती। आपको कई दूसरे डॉक्यूमेंट्स भी चेक करने चाहिए। वरना बाद में पछताना पड़ सकता है। इस साल अप्रैल में सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला आया था। इस फैसले के अनुसार, सिर्फ रजिस्ट्री हो जाना यह साबित नहीं करता कि आप उस प्रॉपर्टी के मालिक हैं। महनूर फातिमा इमरान बनाम स्टेट ऑफ तेलंगाना केस में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'अगर किसी प्रॉपर्टी की पहली खरीद अनरजिस्टर्ड सेल एग्रीमेंट के बेस पर हुई है, तो उसके बाद की कोई भी रजिस्टर्ड डील या कब्जा लीगल ओनरशिप नहीं माना जाएगा।' इसका मतलब है कि अगर पहला लेनदेन लीगल नहीं है, तो उसके बाद की सारी डील्स पर सवाल उठेंगे।

### क्या होती है रजिस्ट्री?

आमतौर पर लोग प्रॉपर्टी खरीदते समय रजिस्ट्री करवाते हैं। रजिस्ट्री केवल इस बात का रिकॉर्ड है कि कोई लेनदेन आधिकारिक रूप से दर्ज हुआ है। रजिस्ट्री से यह साबित नहीं होता कि वह लेनदेन सही है या नहीं। अगर पुराने मालिक के पास क्लियर ओनरशिप नहीं है, तो आपके लेनदेन की रजिस्ट्री होने से भी कुछ नहीं होगा। ओनरशिप साबित करने के लिए आपको दूसरे डॉक्यूमेंट्स की भी जरूरत पड़ेगी।

### इन डॉक्यूमेंट्स को जरूर देखें

जब आप प्रॉपर्टी खरीदें, तो मालिकाना हक का चेन सिस्टम जरूर देखें। यानी आप जिससे प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, उससे पहले वह प्रॉपर्टी किस-किस के पास थी और क्या उन्होंने लीगल तरीके से उस प्रॉपर्टी को खरीदा था या नहीं। आप अपने नगर निकाय में जाकर भी इसकी जानकारी ले सकते हैं या पिछली सेल डीड और चेन डीड देख सकते हैं। प्रॉपर्टी खरीदते समय सेल डीड और टाइटल डीड जरूरी डॉक्यूमेंट्स होते हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान

आप जिससे प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, अगर उसके पास टाइटल डीड नहीं है, तो उसे प्रॉपर्टी बेचने का अधिकार नहीं है। ऐसे में वह प्रॉपर्टी विवादित भी हो सकती है। बिना टाइटल डीड और चेन डीड के प्रॉपर्टी नहीं खरीदें। प्रॉपर्टी खरीदते समय Encumbrance Certificate (भार-मुक्त सर्टिफिकेट) भी देखें। यह बताता है कि खरीदी जाने वाली प्रॉपर्टी पर कोई कानूनी केस या कर्ज तो नहीं है। आजकल कई लीगल फर्म्स लोगों को यह सुविधा देती हैं। प्रॉपर्टी खरीदते समय यह पता कर लें कि संबंधित नगर निगम या प्राधिकरण से प्रॉपर्टी का नक्शा पास हुआ है या नहीं।



अगर नक्शे के अनुसार निर्माण नहीं हुआ है, तो वह अवैध निर्माण कहलाएगा। अगर आप फ्लैट खरीद रहे हैं, तो ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट यानी ओसी भी चेक कर लें। यह बताता है कि उस बिल्डिंग को अप्रूव्ड प्लान और नियमों के तहत बनाया गया है या नहीं। अगर ओसी नहीं मिली है, तो उस बिल्डिंग में रहना गैर कानूनी होगा। प्रॉपर्टी खरीदते समय आपको प्रॉपर्टी टैक्स की रसीदों को भी देखना चाहिए। पता करें कि पुराने मालिक ने प्रॉपर्टी टैक्स दिया है या नहीं।

### बाइक-स्कूटर पहले की तरह टोल फ्री रहेंगे

नई दिल्ली, 27 जून (एजेंसी)। बाइक-स्कूटर चलाने वालों को हाईवे पर किसी भी तरह का टोल टैक्स नहीं देना होगा। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि 15 जुलाई से नेशनल हाईवे पर टू-व्हीलर चलाने वालों को भी टैक्स देना होगा। इन खबरों को सरकार ने फेक बताया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) ने कहा- टू-व्हीलर चलाने वालों को पहले की तरह ही टोल टैक्स से छूट मिलती रहेगी। कुछ रिपोर्टों में ये भी दावा किया गया था कि बाइक और स्कूटर वालों को FASTag लगवाना होगा और अगर नियम तोड़ा तो 2000 रुपए तक का जुर्माना देना पड़ सकता है। कुछ में कहा गया कि हर महीने 150 रुपए की टोल फी देनी होगी। लेकिन, इन खबरों में कोई आधिकारिक गजट नोटिफिकेशन या सरकारी बयान का जिक्र नहीं था। टू-व्हीलर वाहनों को टोल टैक्स से इसलिए छूट दी गई है, क्योंकि इनका सड़कों पर कम असर पड़ता है। 4 व्हीलर्स और बड़ी गाड़ियों की तुलना में बाइक और स्कूटर सड़कों को कम नुकसान पहुंचाते हैं, और इनके लिए अलग से टोल कलेक्शन सिस्टम बनाना भी महंगा पड़ता है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

क्र./581/निविदा/लो.नि.वि./2025 भिलाई-चरौदा, दिनांक 26.06.2025

**//मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना//**

नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा क्षेत्र में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/पंजीकृत फर्मों/एजेन्सी द्वारा निम्नानुसार कार्य हेतु **दिनांक-27.06.2025 से दिनांक- 21.07.2025 समय-सायं 5.30 बजे** तक मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

| सं. क्र. | कार्य का विवरण | लागत राशि (₹लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 05 पथर्रा स्कूल के पास चबुतरा निर्माण कार्य | ₹2.50 |
| 2 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 12 डबरापारा में शा.प्रा.शाला. के सामने कवर्ड शेड युक्त चबुतरा निर्माण कार्य | ₹5.00 |
| 3 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 12 डबरापारा दक्षिण में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य | ₹4.00 |
| 4 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 12 डबरापारा उत्तर में शिव चौक के पास कवर्ड चबुतरा निर्माण कार्य | ₹2.00 |
| 5 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 13 रेल्वे कॉलोनी गांधी नगर में चबुतरा युक्तशेड निर्माण कार्य | ₹2.00 |
| 6 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 13 में यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य | ₹2.00 |
| 7 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 15 बजरंगपारा में राशन दुकान एवं सामुदायिक भवन के पास शेडयुक्त चबुतरा निर्माण कार्य | ₹2.00 |
| 8 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 15 बजरंगपारा में सार्वजनिक/सामुदायिक भवन संधारण कार्य | ₹2.00 |
| 9 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 19 पदुमनगर में सार्वजनिक भवन संधारण कार्य | ₹1.70 |
| 10 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 34 जी. केबिन चरौदा में चबुतरा निर्माण एवं सामुदायिक भवन संधारण कार्य | ₹5.00 |
| 11 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 36 सिरसाकला में सतनाम भवन संधारण कार्य | ₹5.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सीधे नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा की वेबसाईट www.nagarnigambhilaicharoda.com से डाऊनलोड कर निविदा की अंतिम तिथि तक कार्यालय में रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा/स्वीकार किया जावेगा। अंतिम तिथि के बाद निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।

''प्रकृति को क्षति न पहुंचाए, वृक्ष लगाएं, पर्यावरण को शुद्ध बनाएं''

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम,**
**भिलाई-चरौदा**


### सेंसेक्स 200 अंक ऊपर 84,000 के करीब, निफ्टी में 50 अंक की उछाल

**मुंबई, 27 जून (एजेंसी)।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी शुक्रवार 27 जून को सेंसेक्स 200 अंक ऊपर 84,000 के करीब कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 70 अंक की तेजी है, ये 25,620 पर है।



सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में तेजी है। टाटा स्टील, L&T, SBI और NTPC के शेयरों में 1.3त्न की तेजी है। HDFC, कोटक बैंक और बजाज फिनसर्व गिरकर कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी के 50 शेयरों में से 38 में तेजी है। NSE के मेटल और सरकारी बैंकिंग 1% चढ़े हैं। ऑटो, IT, मीडिया और फार्मा में 0.50% की तेजी है।

**कल विदेशी निवेशकों ने 12,594 करोड़ के शेयर खरीदे:** 26 जून को विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 12,594.38 करोड़ रुपए की खरीदारी की। वहीं, घरेलू निवेशकों ने 195.23 करोड़ रुपए के शेयर्स बेचे। जून महीने में अब तक विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में ?6,923.46 करोड़ और घरेलू निवेशकों ने 69,765.40 करोड़ की नेट खरीदारी है। मई महीने में विदेशी निवेशकों की नेट खरीदारी 11,773.25 करोड़ रुपए रही। वहीं, घरेलू निवेशकों ने भी महीनेभर में ?67,642.34 करोड़ की नेट खरीदारी की थी।

## भारत-अमेरिका के बीच 'बड़ी' ट्रेड डील की उम्मीद

# ट्रम्प बोले-हमने कल ही चीन के साथ डील साइन की, अब भारत के साथ होने वाली है

**वॉशिंगटन, 27 जून (एजेंसी)।** डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में हुए 'बिग ब्यूटीफुल बिल' इवेंट में भारत के साथ बड़ी ट्रेड डील की बात कही। ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका ने हाल ही में चीन के साथ व्यापार समझौता किया है और अब भारत के साथ भी ऐसा ही कुछ बड़ा होने वाला है।

ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनियाभर के करीब 100 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया था। इसमें भारत पर 26त्न टैरिफ लगा। फिर 9 अप्रैल को ट्रम्प प्रशासन ने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया। ट्रम्प ने ये समय भारत जैसे देशों को डील पर फैसले लेने के लिए दिया है।

ट्रम्प का कहना है कि उनकी टैरिफ नीति से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को फायदा होगा। ऐसे में भारत और अमेरिका इस डील



का पहला चरण जुलाई 2025 तक पूरा करना चाहते हैं। भारत इस डील में सावधानी बरत रहा है। वो नहीं चाहता कि अमेरिकी मांगों जैसे- कृषि और ऑटोमोबाइल सेक्टर को भारतीय मार्केट में ज्यादा जगह मिले। क्योंकि इससे घरेलू कारोबारियों को नुकसान हो सकता है। भारत चाहता है कि डील दोनों देशों के लिए ज्यादा से ज्यादा बैलेंस्ड हो। सूत्रों का कहना है कि कृषि उत्पादों, खासकर मक्का और सोयाबीन पर टैरिफमें छूट की अमेरिकी मांग डील को अटकने वाला मुद्दा बन गया है। खबर है कि भारत अमेरिकी कृषि में प्रचलित जेनेटिकली मॉडिफाइड फसलों के लिए अपने बाजार को खोलने के मामले में सावधानी बरत रहा है।

### मामले से जुड़ी बड़ी बातें 5 पॉइंट में

1. डोनाल्ड ट्रम्प बोले- हर कोई डील करना चाहता है
2. व्यापार को 2030 तक 500 अरब डॉलर ले जाने का लक्ष्य
3. पीयूष गोयल बोले- ट्रेड डील दोनों इकोनॉमी के लिए फायदेमंद
4. जयशंकर बोले- डील तभी फाइनल होगी, जब फायदेमंद हो
5. कृषि सेक्टर में अमेरिका को ज्यादा मार्केट एक्सेस नहीं देना चाहता भारत

# आज सोना 1,034 सस्ता होकर 96,135 पर आया

**मुंबई, 27 जून (एजेंसी)।** सोने का दाम आज यानी शुक्रवार (27 जून) को 1,034 रुपए सस्ता होकर 96,135 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। कल यह 97,159 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत भी 350 रुपए घटकर 1,06,800 पर आ गई है। कल एक किलो चांदी 1,07,150 प्रति किलो थी। 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने ?99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल सोना करीब ?20 हजार महंगा हो चुका है। वही, चांदी का दाम भी करीब 21 हजार बढ़ चुका है।



**इस साल 1 लाख 3 हजार तक जा सकता है सोना:** केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इजराइल और ईरान के बीच भी जंग शुरू हो गई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 3 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।

## एक नजर

### अवैध डीजल के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 27 जून।** ग्राम मोहमेला के स्कूल के पास आरंग पुलिस ने अवैध डीजल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 300 लीटर डीजल जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम मोहमेला में दबिश देकर आरोपी अजय मनहरे 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 6 जरीकेन में 50-50 लीटर डीजल जब्त किया है। जुमला 300 लीटर डीजल जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 28200 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### बेहोश व्यक्ति को कार से धक्का देकर भागने वाले आरोपियों पर गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज

**रायपुर, 27 जून।** राजधानी के केनाल रोड किनारे बाल्मीकि नगर के सामने कबीर नगर में मनदीप सिंग नामक व्यक्ति को बेहोशी की हालत में कार से नीचे फेंककर भागने के मामले में पुलिस ने आरोपी संतोष कुमार मिश्रा एवं साधना अग्रवाल उर्फ भुरी उर्फ मुस्कान को गैर ईरादतन हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस घटना में मनदीप सिंग की मौत गई थी। बता दें कि दिनांक 24/06/2025 को शाम लगभग 6:30 बजे पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना कबीर नगर क्षेत्रांतर्गत स्थित वाल्मिकी नगर कबीर नगर रोड के पास एक व्यक्ति को एक सफेद रंग की क्रेटा कार क्रमांक सी जी 04 पी वाय 1388 से बाहर धकेला गया है। जिस पर पुलिस टीम तत्काल घटना स्थल पर पहुंची जहां एक व्यक्ति बेसुध हालत में मिला जिसके हाथ के कलाई में गोदना में मंदीप सिंह लिखा था। जिसे उपचार हेतु एम्स अस्पताल रवाना किया गया। जांच के दौरान चिकित्सकों द्वारा व्यक्ति को मृत होना बताया गया।

### ई-चालान को जमा करने यातायात पुलिस ने जारी की प्रक्रियात्मक गाइडलाइन

**बिलासपुर, 27 जून।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के नेतृत्व व मार्गदर्शन में यातायात पुलिस बिलासपुर द्वारा सरल, सुगम, सुव्यस्थित एवं सुरक्षित आवागमन हेतु यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को लगातार जनजागरूकता अभियान चलाकर समझाइस देते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं करने हेतु हिदायत दिया जा रहा है। यातायात दबाव को दृष्टिगत रखते हुए सड़को के संरचनात्मक पहलुओं को ध्यान में रखकर लगातार विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय से सुधारात्मक एवं समाधान कारक प्रयास किए जा रहे हैं एवं बार-बार समझाइस दिए जाने के बावजूद भी यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकरजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर चालानी कार्यवाही की प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पादित करने हेतु आई टी एम एस द्वारा जारी की गई ई चालान को ऑनलाइन माध्यम से जमा किये जाने उल्लंघन कर्ता वाहन चालकों को समझाइस दिया जा रहा है।

### एसएसपी रजनेश सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश

**बिलासपुर, 27 जून।** जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने एवं रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह (आईपीएस) ने देर रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों एवं मुख्य चौक-चौराहों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शहरी और ग्रामीण इलाकों में पेट्रोलिंग पार्टी, फिक्स्ड पॉइंट्स, सेक्टर और जोनल गश्त अधिकारियों की ड्यूटी की जांच की और सभी को सजगता और सतर्कता के साथ रात्रिकालीन गश्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने थाना चकरभाठा पहुंचकर आकस्मिक रूप से रात्रि पहरा का मुआयना किया और वहां तैनात कर्मचारियों को सतर्क रहकर कर्तव्य पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं देवकीनंदन चौक, मगरपारा, पुराना बस स्टैंड चौक और तालापारा चौक जैसे महत्वपूर्ण गश्त पॉइंट्स का भी निरीक्षण किया गया। यहां ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों द्वारा मुस्तैदी से की जा रही चेकिंग एवं ड्यूटी के प्रति तत्परता को देखते हुए उनकी प्रशंसा करते हुए उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा की गई। एसएसपी ने उच्च न्यायालय आवासीय परिसर का भी निरीक्षण किया और वहां तैनात सुरक्षा बल की व्यवस्था का अवलोकन कर गार्ड कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### हत्यारे ने 2 मासूमों को किया अनाथ कोरोना ने छीना था पिता का साया

**खैरागढ़, 27 जून।** छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ जिले में एक विधवा महिला की निर्ममता से हत्या कर दी गई, जिससे उसके 2 मासूम बच्चे पूरी तरह अनाथ हो गए. मामला ग्राम खैरबना का है, जहां स्कूल से लौटने के बाद 2 मासूम बच्चे दरवाजा खटखटा रहे थे, अपनी मां को आवाज लगा रहे थे. लेकिन जब काफी समय बाद भी मां ने दरवाजा नहीं खोला और न ही जवाब दिया, तो बच्चों ने पड़ोसियों को बुलाया और दरवाजा तोड़ा गया. जैसे ही पड़ोसी और बच्चों ने घर के अंदर कदम रखा, सभी के होश उड़ गए. महिला की खून से लथपथ लाश फर्श पर पड़ी मिली. जानकारी के अनुसार, मृतिका की पहचान मोहिनी साहू (उम्र 30) के रूप में हुई है. मोहिनी साहू के पति कीर्तन साहू की मौत दो वर्ष पूर्व हो चुकी है. वह हाल ही में अपने मायके पद्मावतीपुर से लौटकर खैरबना आई थी और अपने बच्चों के साथ अकेले ही रहती थी. बीते दिन वह घर पर अकेली थी और उसके दोनों बच्चे स्कूल गए हुए थे. बच्चे लौटकर जब घर पहुंचे तो उनके सर से मां का साया भी छिन चुका था.

# सुकमा-दंतेवाड़ा-बीजापुर जिलों को मिलेगी रेल कनेक्टिविटी






- **नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास की नई रेखा: अंतिम चरण में रेल सर्वे**
- **कोठागुडेम-किरंदुल रेललाइन सर्वे को मिली रफ्तार, लिडार तकनीक से हो रहा सर्वे**

**रायपुर 27 जून।** देश के सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में से एक - बस्तर अंचल - में विकास की गाड़ी अब तेजी पकड़ रही है। कोठागुडेम (तेलंगाना) से किरंदुल (छत्तीसगढ़) तक प्रस्तावित 160.33 किमी लंबी नई रेललाइन के फाइनल लोकेशन सर्वे (ब्लस्) कार्य को केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद सर्वे अब अंतिम चरण में है।इस प्रस्तावित रेललाइन का 138.51 किमी हिस्सा छत्तीसगढ़ के सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जैसे नक्सल प्रभावित जिलों के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरेगा, जो अब तक रेल कनेक्टिविटी से वंचित रहे हैं। यह परियोजना न केवल आवागमन को सरल बनाएगी, बल्कि इन जिलों के सामाजिक-आर्थिक विकास में भी क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। रेलवे द्वारा अत्याधुनिक लिडार तकनीक के माध्यम से सर्वे कार्य किया जा रहा है। यह रेललाइन परियोजना गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से मॉनिटर की जा रही है, और इसे आंतरिक सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

भारतीय रेल विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया है, जिनके निर्देशों और समन्वय से यह सर्वे कार्य पुनः गति पकड़ सका। यह रेलमार्ग भविष्य में बस्तर अंचल के लिए सुरक्षा, समावेशन और समृद्धि का प्रतीक बनने जा रहा है।

> कोठागुडेम-किरंदुल रेललाइन केवल एक रेल परियोजना नहीं, बल्कि यह बस्तर के भीतर उम्मीद, विकास और विश्वास की पटरी बिछाने का कार्य है। यह रेलमार्ग नक्सल प्रभावित सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों के लिए सामाजिक और आर्थिक बदलाव का द्वार खोलेगा, जहाँ के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षों से रेल कनेक्टिविटी एक सपना रही है। हम केंद्र सरकार के सहयोग और भारतीय रेल के प्रति आभार व्यक्त करते हैं जिनके समन्वय से यह सपना साकार हो रहा है।
>
> **मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय**

# 'पंचायत 4' के आखिरी एपिसोड को पिछले तीनों सीजन से बहुत कम मिली रेटिंग



**मुंबई, 27 जून।** लंबे इंतजार के बाद प्राइम वीडियो पर 'पंचायत सीजन 4' रिलीज हुआ। लेकिन इसे कुछ ज्यादा पसंद नहीं किया गया। सीरीज को लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिला। जहां कुछ ने पुरानी यादें ताजा कीं। वहीं कुछ ने ये महसूस किया कि चुनावी ड्रामे के बीच इस हिट शो ने अपनी कॉमेडी चार्म और सादगी को खो दिया है। इस सीरीज के आखिरी एपिसोड को तो सबसे खराब एंड माना गया है और इसकी रेटिंग भी पिछले तीनों सीजन के मुकाबले गिरी है।

जितेंद्र कुमार और नीना गुप्ता समेत 'पंचायत 4' में दिखाई दे रहे हैं। IMDb के मुताबिक, सीजन 1 के लास्ट एपिसोड 'जब जागो तभी सवेरा' की रेटिंग 8.8 है। सीजन 2 के आखिरी एपिसोड 'परिवार' को 9.6 रेटिंग मिली है, जबकि सीजन 3 के अंतिम एपिसोड 'हमला' को भी 9 रेटिंग मिली है। लेकिन नए सीजन के लास्ट एपिसोड 'दबदबा' को 8.4 की रेटिंग मिली है, जो अब तक सीरीज के आखिरी एपिसोड की तुलना में सबसे कम है।

### जिपं के सीईओ ने बैठक लेकर की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की

**कांकेर, 27 जून।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मण्डावी ने गुरूवार को जिले में संचालित योजना का योजनानुसार समय-सारणी एजेण्डावार तैयार करने जनपद पंचायत सीईओ एवं शाखा प्रभारियों की बैठक ली। उन्होंने मनरेगा योजनांतर्गत मानवदिवस सृजन के आबंटित लक्ष्य के विरूद्ध सृजित किए गये मानव दिवस एवं अमृतसरोवर निर्माण कार्य की समीक्षा की तथा आगामी माह में मानव दिवस सृजन में वृद्धि हेतु निर्देशित किया। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सीईओ श्री मंडावी ने जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के परियोजना अधिकारी मनरेगा को अमृत सरोवर के निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराने पर कारण बताओ नोटिस एवं 01 माह का वेतन रोकने के लिए निर्देशित किया।

## समाचार संक्षेप



बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर अपना एक बेहद ही शानदार ट्रेडिशनल लुक शेयर किया है।

### क्राईम ब्रांच ने की शहर के करीब 200 से अधिक ठेलो व गुमटी की जांच

**रायपुर, 27 जून।** नशे के खिलाफअभियान के तहत् क्राईम ब्रांच की 20 से अधिक टीमों ने शहर के करीब 200 से अधिक ठेलो व गुमटी की जांच की। इस दौरान 2600 नग गोगो पेपर, 400 नग रोल पेपर, 550 नग चिलम, प्रतिबंधित हुक्का से संबंधित 10 पैकेट फ्लेवर, हुक्का से संबंधित अलग-अलग 25 नग सामान, 04 पैकेट प्रतिबंधित सिगरेट, 04 नग सिगार एवं 200 पाउच प्रतिबंधित गुटखा जप्त किया गया। शंकर नगर स्थित गोगो पेपर के डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर के.के.ट्रेडर्स में भी छापेमार कार्यवाही की गई। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह एवं प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट निरीक्षक परेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में रायपुर क्राईम ब्रांच की टीम द्वारा पान ठेला, गुमटियों व रोड किनारे दुकान लगाकर गांजा पीने हेतु उपयोग करने वाले गोगो पेपर, चिलम, प्रतिबंधित हुक्का से संबंधित सामाग्री, सिगरेट एवं गुटखा सहित अन्य प्रतिबंधित सामाग्रियों की बिक्री करने वालों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत् रायपुर क्राईम ब्रांच की अलग - अलग 20 से अधिक टीम के सदस्यों द्वारा रायपुर शहर के 200 से अधिक ठेलों, गुमटियों व रोड किनारे लगने वाले दुकानों की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान राजेन्द्र नगर, तेलीबांधा, पुरानी बस्ती, टिकरापारा, सिविल लाईन, माना, गुढ़ियारी, उरला, देवेन्द्र नगर, पंडरी, खम्हारडीह, खमतराई, आजाद चौक एवं सरस्वती नगर के लगभग 50 से अधिक ठेलों, गुमटियों व रोड किनारे लगने वाले दुकानों के संचालकों के कब्जे से गांजा पीने हेतु उपयोग करने वाले लगभग 2600 नग गोगो पेपर, 400 नग रोल पेपर, 550 नग चिलम, प्रतिबंधित हुक्का से संबंधित 10 पैकेट फ्लेवर, हुक्का से संबंधित अलग-अलग 25 नग सामान, 04 पैकेट प्रतिबंधित सिगरेट, 04 नग सिगार, 200 पाउच प्रतिबंधित गुटखा जप्त किया गया तथा गोगो पेपर, रोल पेपर, प्रतिबंधित गुटखा को समक्ष में मौके पर संचालकों से जलवाकर नष्ट कराने के साथ ही चिलम को भी नष्ट कराया गया।

# जेल से छूटते ही बदमाशों ने फिर फैलाया आतंक



- **बस्ती में दहशत बरकरार रखने 2 सगे भाइयों से की मारपीट, कोल्ड ड्रिंक की बोतल से सिर फोड़ा**

**कोरबा, 27 जून।** शहर के मोती सागर बस्ती में एक बार फिर गुंडागर्दी का नंगा नाच देखने को मिला. जेल से छूटकर आए बदमाशों ने इलाके में दहशत फैलाने के लिए दो सगे भाइयों की जमकर पिटाई कर दी. इतना ही नहीं, आरोपियों ने कोल्ड ड्रिंक की बोतल से हमला कर एक युवक का सिर फोड़ डाला.

**गुंडों ने घर लौट रहे युवक पर किया हमला**-जानकारी के अनुसार, बस्ती में रहने वाले परमेश्वर साहू रात करीब 10 बजे काम से लौटकर घर जा रहा था. इसी दौरान चिंटू, समीर, माया समेत आधा दर्जन से ज्यादा युवकों ने उसे रास्ते में घेरकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी. परमेश्वर को पिटता देख उसका भाई हीरा साहू बचाव के लिए पहुंचा, लेकिन गुंडों ने दोनों भाइयों को बुरी तरह पीट डाला. हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और खून से लथपथ हालत में किसी तरह जान बचाकर कोतवाली थाना पहुंचे.

**इलाके में दहशत का माहौल**-इस घटना के बाद पूरे मोहल्ले में दहशत फैल गई है. स्थानीय लोगों ने बताया कि आरोपी आए दिन इलाके में गुंडागर्दी करते हैं. जेल से छूटने के बाद भी उनका आतंक कम नहीं हुआ. घटना से परेशान लोगों ने एसपी से शिकायत कर सख्त कार्रवाई की मांग की है.

**पुलिस जांच में जुटी**-कोतवाली पुलिस ने घायलों की शिकायत दर्ज कर ली है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है. स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो बस्ती में माहौल और बिगड़ सकता है. घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है.

# कर्ज से छुटकारा पाने बैंक के कलेक्शन एजेंट ने रची लूट की फिल्मी पटकथा



- **पुलिस ने किया पर्दाफाश**

**डोंगरगढ़।** बैंक की वसूली रकम के दो लाख रुपये बचाने और कर्ज के बोझ से राहत पाने के लिए कलेक्शन एजेंट ने पूरी फिल्मी कहानी रच डाली. लेकिन पुलिस की जांच में झूठ सामने आ गया. कलेक्शन एजेंट से लूटी गई कथित रकम को बरामद कर उसे जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया. बात हो रही है इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में कलेक्शन एजेंट मयूर कुमार अडमे की. मयूर ने बोरतलाव थाना पहुंचकर रिपोर्ट लिखाई कि महाराष्ट्र से वसूली कर लौटते वक्त चेन्द्री माता मंदिर के पास नकाबपोश बदमाशों ने उसे घेर लिया, मारपीट की और उसके बैग से दो लाख रुपए, मोटरसाइकिल, मोबाइल, सोने की बाली और चांदी का ब्रेसलेट लूट ले गए. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की और डोंगरगढ़-बोरतलाव रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, लेकिन कहीं भी लूट जैसी घटना नहीं दिखी. इसके बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और कॉल डिटेल के आधार पर जांच की दिशा मयूर की ओर मोड़ी, तब जाकर पर्दाफाश हुआ कि यह पूरी कहानी झूठी थी.

दरअसल, मयूर पर कर्ज का बोझ था, और उससे बचने के लिए उसने लूट की झूठी पटकथा तैयार की थी. बैंक के दो लाख रुपए उसने अपने घर के आंगन में काले कपड़े में बांधकर छिपा दिए थे. वहीं बाइक और अन्य सामान बोरतलाव ओवरब्रिज के नीचे छिपा दिया था, ताकि पुलिस को यकीन हो जाए कि लूट हुई है. पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए पूरे पैसे, बाइक और अन्य सामान बरामद कर लिए हैं. वहीं आरोपी मयूर कुमार अडमे को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है.




स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26